रोहतक
मंगलवार, 1 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 60
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.1
न्यून. 10.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



वक्फ बिल का विरोध करने वालों को 7 केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने लिया आड़े हाथ

घर खरीदारों से धोखाधड़ी मामले में ईडी की कार्रवाई

पैसे लिए पर नहीं दिए फ्लैट पैसों का गैरकानूनी प्रयोग

# गुरुग्राम में बिल्डर की 94.82 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुरुग्राम जोनल कार्यालय ने मैसर्स सिद्धार्थ बिल्ड होम प्राइवेट लिमिटेड (एसबीपीएल) के प्रमोटर सिद्धार्थ चौहान, उनकी कंपनियों और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने घर खरीदारों के साथ की गई धोखाधड़ी के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत गुरुग्राम में स्थित 94.82 करोड़ कीमत की प्रॉपर्टी को अटैच किया है। अटैच की गई प्रॉपर्टी में एक आवासीय घर और वाणिज्यिक भवन शामिल हैं। ईडी की यह कार्रवाई हरियाणा पुलिस और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी।

1 अटैच प्रॉपर्टी में घर और वाणिज्यिक भवन भी शामिल

2 हरियाणा पुलिस और ईओडब्ल्यू की एफआईआर पर एक्शन

### फ्लैट्स के नाम पर लिए 520 करोड़

जांच में पाया गया कि सिद्धार्थ चौहान और उनकी कंपनियों ने संभावित घर खरीदारों को झूठे वादों के साथ लुभाया और उनके साथ धोखाधड़ी की। सिद्धार्थ बिल्ड होम ने गुरुग्राम में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं में फ्लैट्स बेचने के नाम पर आरोपित कंपनी और उसके प्रमोटर ने 950 से अधिक घर खरीदारों से लगभग 520 करोड़ एकत्र किए, लेकिन वादे के मुताबिक खरीदारों को घर उपलब्ध नहीं कराए।

### समय पर फ्लैट नहीं दिया

सिद्धार्थ बिल्ड होम की स्थापना 1995 में हुई थी और इसका मुख्यालय गुरुग्राम में है। कंपनी के प्रमोटर सिद्धार्थ चौहान उद्यमी हैं, जिनके पास रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर में एक दशक से अधिक का अनुभव है। कंपनी ने गुरुग्राम के सेक्टर 63, 67 और अन्य इलाकों में कई आवासीय परियोजना लॉन्च की थी।

### दूसरी जगह किया निवेश

ईडी की जांच से पता चला कि सिद्धार्थ चौहान और उनकी कंपनियों ने अपराध से प्राप्त आय को विभिन्न संपत्तियों में निवेश किया था। अटैच की गई संपत्तियों का मूल्यांकन 94.82 करोड़ रुपये आंका गया है। गुरुग्राम में रियल एस्टेट क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले पिछले कुछ वर्षों में बढ़े हैं।

कमेटी खरीफ और रबी फसलों की खेती की लागत की जांच भी करेगी

एक साल में दो बार होगी समिति की अहम बैठक

# फसलों के लिए मूल्य नीति की समीक्षा के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने फसलों के मूल्य नीति की समीक्षा के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित की है। समिति का उद्देश्य खरीफ और रबी फसलों की खेती की लागत की जांच करना है, जो राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था में योगदान करती हैं। हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार किसानों के हित को देखते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आने वाले वर्षों में कृषि क्षेत्र मजबूत, प्रतिस्पर्धी व टिकाऊ बना रहे। समिति के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ऐसी नीतियां तैयार करना है, जो किसानों, उपभोक्ताओं और राज्य की आर्थिक प्राथमिकताओं के हितों को संतुलित करे।

1 कृषि/किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अध्यक्ष बने

2 मूल्य नीति प्रभावशाली बनाने की सिफारिश करेगी समिति

### साल में दो बार बैठक

समिति की वर्ष में दो बार बैठक होगी। समिति को मौजूदा मूल्य नीति, खेती की लागत का मूल्यांकन करने और हरियाणा में किसानों की जरूरतों के प्रति अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाने के लिए आवश्यक कार्यों पर व्यापक सिफारिशें देने का काम सौंपा है। इसका गठन स्थायी और किसान-हितैषी मूल्य नीति की आवश्यकता के जवाब में किया गया है, जो कृषि उपज के लिए उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करती है, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देती है और बढ़ती उत्पादन लागत से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करती है।

### यह काम करेगी समिति

समिति इनपुट लागत, श्रम, सिंचाई संबंधित खर्चों को ध्यान में रखते हुए फसलों की खेती की वर्तमान लागत का आकलन करेगी। यह फसलों के लिए मौजूदा मूल्य नीति का मूल्यांकन करेगी। समिति में कृषि विभाग के निदेशक, अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक और उप निदेशक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अर्थशास्त्र और कृषि विज्ञान अनुभाग के प्रमुख और खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक सदस्य होंगे। हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सदस्य सचिव होंगे।

## आईपीएल में आज



लखनऊ सुपर V/S पंजाब किंग्स
- : समय :- 7.30 PM
- : स्थान :- लखनऊ

## खबर संक्षेप

### भारत का विदेशी कर्ज बढ़कर 717.9 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी ऋण दिसंबर, 2024 के अंत तक 10.7% बढ़कर 717.9 अरब डॉलर हो गया। दिसंबर, 2023 में यह 648.7 अरब डॉलर था। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत की तिमाही विदेशी ऋण रिपोर्ट के अनुसार, तिमाही आधार पर, दिसंबर 2024 में विदेशी कर्ज में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भाषा

### बंगाल में सिलेंडर फटा, 4 बच्चों समेत 7 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ चौबस परगना जिले के पाथर प्रतिमा इलाके में गैस सिलेंडर फटने से 7 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में एक महिला घायल भी हुई है, उसकी हालत गंभीर बनी है और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। बताया जा रहा है कि घर में पटाखे रखे थे जिनमें आग लगने से सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। एजेंसी

### 27.4 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, पांच पकड़े

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एनसीबी और दिल्ली पुलिस के संयुक्त दल ने 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ का एक बड़ा जखीरा जब्त किया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ में क्रिस्टल मेथामफेटामाइन, अफगान हेरोइन और एमडीएमए शामिल हैं। शाह ने 'एक्स' पर कहा, 'मादक पदार्थों को लेकर कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टोलरेंस) की मोदी सरकार की नीति के तहत कार्रवाई की गई है। भाषा

## गृहमंत्री शाह ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में आईसीयू का किया उद्घाटन

महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का भी किया अनावरण, पीजी हॉस्टल का शिलान्यास

# हरियाणा में अब नौकरियों में भेदभाव-जातिवाद नहीं होता

## शाह बोले-मोदी सरकार ने स्वास्थ्य ढांचे को बेहतर बनाया, सीएम सैनी की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हिसार के अग्रोहा में स्थित मेडिकल कॉलेज के परिसर में महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद कॉलेज में नव-निर्मित 32 बेड के आईसीयू कक्ष का उद्घाटन किया और पीजी हॉस्टल की आधारशिला रखी। इस मौके पर शाह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तारीफ करते हुए कहा कि नायब सैनी शांत, सौम्य व्यक्तित्व के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं।

हरियाणा में अब पहले की तरह नौकरियों में भेदभाव, जातिवाद नहीं किया जा रहा। एक क्षेत्र के लोगों को तवज्जो नहीं दी जाती, बल्कि बिना खर्ची पर्ची के अब युवाओं को रोजगार मिलते हैं। ऐसी व्यवस्था नायब सरकार ने की है, जो उदाहरण बनी है। हरियाणा में पारदर्शिता से नौकरी की व्यवस्था कायम होने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। शाह ने कहा कि आज स्वर्गीय ओपी जिंदल की पुण्यतिथि है, उनकी सोच पर चलते हुए आज अग्रोहा मेडिकल कालेज जन सेवा का कार्य कर रहा है। यह अस्पताल कारोबार से पहले करुणा की उनकी सोच को दर्शाता है। इस अस्पताल में 5 लाख लोग ओपीडी की सेवा लेते हैं। स्वास्थ्य सेवाओ में यह संस्था अपना अलग स्थान बनाए हुए है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में आधुनिक तरीकों से यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

पूर्व मंत्री ओपी जिंदल की पुण्यतिथि पर नमन

●

मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

●

गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए, 20 करोड़ लोगों को आश्रय मिला



### ये सौगातें मिलीं

- नव-निर्मित आईसीयू आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। इससे गंभीर मरीजों को त्वरित एवं सटीक उपचार उपलब्ध होगा। आईसीयू ब्लॉक में 32 बेड हैं। इसके निर्माण पर 3.5 करोड़ की लागत आई है।
- पीजी हॉस्टल के शिलान्यास के साथ ही मेडिकल छात्रों को आवासीय सुविधा का विस्तार मिलेगा।

### ऐसी है महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में 20 फीट ऊंची और 800 किलो वजनी महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का लोकार्पण किया। प्रतिमा का निर्माण फाइबर ग्लास और माइल्ड स्टील से किया गया है। दो करोड़ की लागत आई है। प्रतिमा के नीचे 10 फीट ऊंचा प्लेटफार्म है। महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसाइटी अग्रोहा की स्थापना 8 अप्रैल, 1988 को हुई थी। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्व. ओ.पी. जिन्दल का सपना इसे चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता का केंद्र बनाना था।

### हर जिले में बनेगा मेडिकल कॉलेज

शाह ने कहा, आने वाले 5 साल के अंदर देश का एक भी ऐसा जिला नहीं बचेगा जहां, मेडिकल कॉलेज नहीं होगा। भाजपा शासित राज्य के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाए जाने को लेकर पहले से ही काम चल रहा है। मेडिकल से सम्बंधित सीट की संख्या में भी इजाफा होगा। हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ सरकार देश के स्वास्थ्य के लिए काम कर रही है। गैस सिलेंडर महिलाओं को उपलब्ध करवाए, यह महिला के स्वास्थ्य से जुड़ा पहलू था।

# आज से बिजली हो सकती है महंगी शुल्क टैरिफ में बढ़ोतरी की तैयारी!

## फ्यूल सरचार्ज पहले ही बढ़ चुका ■ उपभोक्ताओं को बड़ा झटका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में बिजली निगमों की हालत में सुधार के लिए एक अप्रैल से बिजली दरें महंगी हो सकती हैं। एचईआरसी बिजली शुल्क टैरिफ में वृद्धि की तैयारी कर रहा है। बतउ दें कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 12.37 फीसदी, जबकि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम में 9.15 फीसदी लाइनलॉस (बिजली चोरी) है। एचईआरसी चेयरमैन नंद लाल शर्मा ऑपरेशनल दक्षता बढ़ाने व औसत आपूर्ति लागत (एसीसी) और औसत राजस्व वसूली (एआरआर) के बीच के अंतर को कम करने की दिशा में पहले ही निर्देश दे चुके हैं। बिजली निगमों की कार्यकुशलता में सुधार और बिजली शुल्क टैरिफ में आंशिक बढ़ोतरी को मंजूरी देने पर मंथन चल रहा है। इसे जल्द मंजूरी मिल सकती है।

### 200 यूनिट से अधिक पर 94.47 रुपये एफएसए

सरकार ने एफएसए को साल 2026 तक पहले ही बढ़ा दिया है। उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली बिल के हिसाब से 47 पैसे अतिरिक्त एफएसए देना होगा। 200 यूनिट से अधिक बिजली की खपत पर 94.47 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। फैसले का कारण बिजली निगमों पर बढ़ रहे डिफाल्टिंग राशि (वित्तीय बोझ) को बताया जा रहा है। हालांकि 200 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को एफएसए नहीं देना होगा।



### खर्च प्रति यूनिट

| यूनिट | दर | | |
|---|---|---|---|
| 0-50 | 2.00 रुपये | 151-250 | 5.25 रुपये |
| 51-100 | 2.50 रुपये | 251-500 | 6.30 रुपये |
| 0-150 | 2.75 रुपये | 501-800 | 7.10 रुपये |
| | | 801 से अधिक | 7.10 रुपये |

### घाटे से बाहर लाने की कवायद

उत्तर और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने 4520 करोड़ के घाटे से निपटने के लिए हरियाणा बिजली विनियामक आयोग (एचईआरसी) से नए वित्तीय वर्ष में बिजली शुल्क में बढ़ोतरी की अनुमति मांगी है। बिजली की नई दरें पहली अप्रैल से लागू होंगी। अंतिम बार वर्ष 2022-23 में 150 यूनिट तक के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाए गए थे।

### राजस्व घाटा कम करने की कवायद

एचईआरसी चेयरमैन ने जनवरी में बिजली निगमों के अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक लेकर राजस्व घाटे को लेकर गंभीरता दिखाई और उसको कम करने को लेकर सवाल उठाए थे। अब राजस्व घाटे को कम करने और वित्तीय स्थिति को देखते हुए बिजली निगम वृद्धि को लेकर सिफारिश कर सकता है, हालांकि अभी एचईआरसी की ओर से इस बारे में कोई भी पुष्टि करने से इनकार किया जा रहा है।

# कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने दी जान

**कोटा (भाषा)।** कोटा में 18 वर्षीय इंजीनियरिंग अभ्यर्थी ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि वह दो अप्रैल को जेईई-मेन में शामिल होने वाला था। जनवरी से कोटा में कोचिंग छात्र द्वारा संदिग्ध आत्महत्या का यह 10वां मामला है। पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल ने बताया कि कानपुर के मूल निवासी उज्ज्वल मिश्रा को लखनऊ जाना था, जहां उसे परीक्षा देनी थी।

इस साल आत्महत्या का यह 10वां मामला, 18 साल का छात्र ट्रेन के आगे कूदा, यूपी का रहने वाला था, कोचिंग लेने आया था कोटा

### नहीं रुक रही आत्महत्याएं

कोचिंग हब के रूप में मशहूर कोटा में इस साल आत्महत्या की यह 10वीं घटना है। जनवरी में छह कोचिंग छात्रों ने आत्महत्या कर ली। वर्ष 2024 में कोटा में 17 कोचिंग छात्रों की आत्महत्या से मौत हुई। 2023 में यह संख्या 26 थी। तमाम प्रयासों के बावजूद भी ऐसे मामने नहीं रुक रहे।

# म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2000 के पार, 3900 घायल

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

म्यांमा में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मलबे से और शव निकाले जाने के साथ मृतकों की संख्या बढ़ कर 2,056 हो गई है, जबकि 3,900 से अधिक लोग घायल हैं। करीब 270 लोग अब भी लापता हैं। म्यांमार की सत्तारूढ़ जुंटा सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। बता दें कि 7.7 तीव्रता के इस विनाशकारी भूकंप के बाद मलबे में फंसे लोगों को बचाने का अभियान जारी है। सरकार ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों के सम्मान में एक हफ्ते के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। यहां एक मठ के गिरने से 270 बोध भिक्षुओं की मौत हुई है जबकि नमाज अता कर रहे सैकड़ों मुसलमान भी मारे गए हैं।

चार दिन पहले 7 .7 तीव्रता के लगे थे झटके, अभी भी हजारों लोग मलबे में लगे, 270 लोग लापता, राहत एवं बचाव अभियान जारी

### भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत पहुंचाई मदद

इन हालात के बीच पूरी दुनिया ने म्यांमार के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। इनमें सबसे ऊपर भारत का नाम है, जिसने पड़ोसी देश के लिए सीधे एक पूरा अभियान- ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू कर दिया है। भूकंप की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां करीब 35 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। हालात यह हैं कि अस्पतालों में जगह कम पड़ गई है और सड़कों पर अस्थाई तरीके से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। (पेज 8 भी देखें)

# छत्तीसगढ़ में 25 लाख की इनामी महिला नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली नेता रेणुका उर्फ बानू को ढेर कर दिया। रेणुका डीकेएसजेडसी-दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर थी। मौके से शव के साथ एक इंसास राइफल, गोला बारूद बरामद किया गया। सोमवार सुबह नक्सल विरोध के तहत सुरक्षाबलों की टीम निकली थी। करीब 9 बजे जवानों का सामना नक्सलियों से हो गया। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक मारे गए 119 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं।

दंतेवाड़ा में कई घंटे चली मुठभेड़ रेणुका डीकेएसजेडसी की सदस्य थी मौके पर शव-इंसास राइफल बरामद इस साल अब तक 119 से ज्यादा मारे

रिपोर्ट में दावा, सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल बेहद खतरनाक

# स्क्रीन के अधिक उपयोग से बढ़ रही अनिद्रा, बीमारियों का खतरा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा करीब 60 प्रतिशत बढ़ सकता है। इससे नींद का समय लगभग एक घंटे तक कम हो सकता है। यह बात एक अध्ययन में सामने आई है। नॉर्वे में 18-28 वर्ष की आयु के 45,000 से अधिक छात्रों से उनके सोने के समय और आदतों के बारे में सवाल किया गया, जिसमें यह भी शामिल था कि वे सोने के बाद कितनी देर तक स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। इससे बीमारियों और अनिद्रा का खतरा बढ़ रहा है। लोगों में मानसिक परेशानी जैसे लक्षण दिखने लगते हैं।



### यह बताया छात्रों ने

इन छात्रों ने स्क्रीन के इस्तेमाल का उद्देश्य, जैसे कि फ़िल्में देखना या सोशल मीडिया देखना, भी बताया। 'फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुख्य लेखक और नॉर्वेजियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के गनहिल्ड जॉन्सन हेटलैंड ने कहा, 'स्क्रीन गतिविधि का प्रकार उतना मायने नहीं रखता जितना कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करते हुए बिताया गया कुल समय।'

| श्रेणी | उम्र | नींद |
|---|---|---|
| नवजात शिशु | 0-3 माह | 14-17 घंटे |
| शिशु | 4-11 माह | 12-15 घंटे |
| बच्चे | 1-2 वर्ष | 11-14 घंटे |
| बच्चे | 3-5 वर्ष | 10-13 घंटे |
| बच्चे | 6-13 वर्ष | 9-11 घंटे |
| किशोर | 14-17 वर्ष | 8-10 घंटे |
| वयस्क | 18-64 वर्ष | 7-9 घंटे |
| बुजुर्ग | 65 वर्ष व अधिक) | 7-8 घंटे |

### स्क्रीन का उपयोग ही व्यवधान का कारण

स्क्रीन का उपयोग ही नींद में व्यवधान का मुख्य कारण है। अनिद्रा को सोने में 30 मिनट से अधिक समय लगने के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसमें रात के दौरान अक्सर नींद से जागना जैसी परेशानियां शामिल हो सकती हैं। नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसलिए, दिन के दौरान नींद आ सकती है, जिससे गतिविधियों में बाधा आती है।

## उफ! आईएमडी ने जारी की चेतावनी, 50 डिग्री के पार जा सकता है पारा

*16 राज्य रहेंगे भीषण गर्मी की चपेट में, गर्मी के दिनों की संख्या होगी दोगुनी, लंबे समय तक चलेंगी लू*

# इस बार अप्रैल से जून के बीच सामान्य से अधिक गर्मी पड़ेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में इस बार अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। ऐसे लोगों को अलर्ट रहना होगा। यह बात भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कही। आईएमडी के अनुसार तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है तथा मध्य एवं पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में अधिक दिन लू चल सकती है। अप्रैल में गर्मी रिकॉर्ड तोड़ सकती है। अप्रैल से जून के बीच तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इन दोनों क्षेत्रों में तापमान के सामान्य रहने की संभावना है।

### दो से चार दिन अधिक लू चलेंगी

- महापात्रा ने कहा, 'अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक लू चलने की संभावना है।' आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन तक लू चलती है।
- आईएमडी के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मियों के दौरान लू के दिनों की संख्या दोगुनी हो सकती है। इस क्षेत्र में गर्मियों के मौसम के दौरान आमतौर पर पांच से छह दिन लू चलती है।



■ मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और झारखंड रहेंगे भीषण गर्मी की चपेट में

■ अप्रैल में रिकॉर्ड तोड़ सकता है पारा, अलर्ट रहें लोग

### यहां ज्यादा गर्मी

जिन राज्यों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से शामिल हैं। अप्रैल में भारत के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। हालांकि, सुदूर दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य रह सकता है।

### बिजली की खपत बढ़ेगी

विशेषज्ञों ने कहा कि भारत को इस साल गर्मियों के मौसम में बिजली की मांग में 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए तैयार रहना चाहिए। पिछले साल, देशभर में बिजली की अधिकतम मांग 30 मई को 250 गीगावाट को पार कर गई थी, जो पूर्व में किए गए अनुमानों से 6.3 प्रतिशत अधिक थी। जलवायु परिवर्तन, बिजली की मांग में वृद्धि करने वाले प्रमुख कारकों में से एक है।

# GALGOTIAS UNIVERSITY

## REVOLUTIONISING LEARNING PEDAGOGY IN INDIA THROUGH "ACTIVE LEARNING"

IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH

InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE

LEADING TO SET BENCHMARKS GLOBALLY

## TOP RANKED IN QS ASIA & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

QS World University Rankings

Galgotias University 187 Southern Asia — ASIA RANKED 2025

Galgotias University 621-640 ASIA 2025 — ASIA RANKED 2025

THE World University Rankings 2025

45th Among Top Indian Universities - both Govt. & Private

in 1000-1200 Band - Worldwide



"I have **never** seen a university so committed to adopting what **contemporary research** shows to be the **most effective** conditions for student learning. **Galgotias University** has taken the **bold step** to pioneer **active learning** in all of its programs."

Prof. Richard James
Emeritus Professor,
The University of Melbourne, Australia
Advisor, Galgotias University

### AN HONOUR BEYOND WORDS. A LEGACY BEYOND BOUNDARIES.

We are steadfast in our commitment to realizing the visionary mission of our Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji, to establish India as a Vishwaguru and propel it toward Viksit Bharat. With unwavering dedication, we also pledge to fulfill the ambitious vision of our dynamic leader, Hon'ble Chief Minister of Uttar Pradesh, Shri Yogi Adityanath Ji, to transform Uttar Pradesh into a global powerhouse of knowledge and innovation.



Her Excellency Smt. Anandiben Patel, Hon'ble Governor Of Uttar Pradesh felicitating Dr Dhruv Galgotia, CEO, Galgotias University for the University's exceptional performance in the QS Asia-World University Rankings 2025.

## G-SCALE

GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM

• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

| | | | |
|---|---|---|---|
| Record Breaking Placements | Facilitating more Learning through Active/Collaborative Engagement | Fostering Entrepreneurial Spirit. Cultivating Job Creators over Job Seekers | Being in NCR and in close proximity with major industrial, corporate and aviation hubs, our students get the best of the faculty and industry exposure that enable our students to have a distinct edge over other universities |

### The Edge That Sets Us Apart

Amongst #98 in India (Management Category)

#50 in India (Pharmacy Category)

By NIRF Ranking 2024 — nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK — शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

TOP 3 in India for filing MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ Accreditation in First Cycle

Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence QBE Rankings 2024

NBA Accredited

School of Business — AACSB Business Education Alliance Member

5th Ranked Amongst the Top Private Universities by Times B School Survey 2025

### Apply Today for Career Focussed 2025-26 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes

Engineering | Computer Applications | Biosciences & Technology | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education | Nursing | Liberal Education
Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy | Allied & Health Sciences | Business | Aviation
Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education




India's 1st and Finest
**AI led Active Learning Campus**
@ Galgotias University

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE — For Research Innovation Startup and Entrepreneurs

GALGOTIAS UNIVERSITY

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
+91 9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000

## खबर संक्षेप



### ड्रग तस्करी को सहन नहीं किया जाएगा : डीसीपी

**पंचकूला।** पंचकूला मढ़ावाला क्षेत्र के शाहपुर में नशे की स्थिति की समीक्षा के लिए पुलिस ने एक विशेष बैठक आयोजित की। यह बैठक पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हिमाद्रि कौशिक के 19 मार्च को गांव के दौरे के बाद आयोजित की गई, जिसमं ग्रामीणों ने नशे की समस्या को लेकर अपनी चिंताओं से पुलिस को अवगत कराया था। इस बैठक के दौरान पंचकूला जिला में नशा मुक्ति अभियान के तहत गठित टीम ने पुलिस चौकी मढ़ावाला के साथ मिलकर ग्रामीणों से संवाद किया, नशे की स्थिति का जायजा लिया और इसके समाधान पर चर्चा की। साथ ही, जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सतर्क किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, 7 लाख का जुर्माना

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने भीम कॉलोनी सराय अलावर्दी क्षेत्र में एक प्लास्टिक निर्माण फैक्टरी पर छापा मारकर 7300 किलोग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया तथा संबंधित पर 7 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। सोमवार को सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स ने निरीक्षण के दौरान एक फैक्टरी पर छापा मारा। यहां पर टीम ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक को देखा। पर्याप्त जांच व कार्रवाई के बाद टीम ने पूरे प्लास्टिक को जब्त कर लिया तथा संबंधित पर जुर्माना लगाने के साथ ही उसे सख्त हिदायत दी कि सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, भंडारण, बिक्री व निर्माण को प्रतिबंधित किया हुआ है तथा नियमों की पालना नहीं करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसे सहन नहीं किया जाएगा।

## पानीपत के समालखा में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार से

# भाजपा दिग्गज पदाधिकारियों को देंगे संगठन के मंत्र, योजनाओं को घर- घर पहुंचाने पर होगी चर्चा


हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

समालखा में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 2 अप्रैल बुधवार से शुरू होगा और प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया जाएगा। अहम बात यह है कि इस शिविर के दौरान भाजपा के सियासी दिग्गज चेहरे भी यहां पर आकर पदाधिकारियों को अहम मंत्र देंगे।

■ राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता करेंगे शिरकत

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह-प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा समेत केंद्र व राज्य के मंत्रियों के अलावा केंद्रीय आईटी एवं सोशल





मीडिया प्रमुख अमित मालविया भी मंच पर उपस्थित रहेंगे और अपने विचार रखेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि 2 और 3 अप्रैल को पानीपत समालखा के पट्टी कल्याण में होने वाली कार्यशाला की पार्टी ने तैयारियां कर ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और समय-समय पर कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों की जानकारी देने व प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से होता रहता है।

संगठन और पार्टी की विचारधारा की कार्यकर्ताओं को जानकारी दी जाती है और संगठनात्मक विषयों पर प्रशिक्षित किया जाता है। अरविंद सैनी ने बताया कि हरियाणा में भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है। बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां हो चुकी हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों व मंडल अध्यक्षों को इस कार्यशाला में बुलाया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन के पदाधिकारियों और नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। पदाधिकारियों को मीडिया, सोशल मीडिया व पार्टी की परिपाटी के बारे में बताया जाएगा। इन दो दिनों में भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धिंयां से भी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जाएगा।

### विकसित भारत व विकसित हरियाणा बनाने का संकल्प

अरविंद सैनी ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं। कार्यशाला में सभी बड़े नेता पार्टी की कार्ययोजना एवं रणनीतियों तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे, ताकि हमारे कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएं और विकसित भारत व विकसित हरियाणा बनाने में अपना योगदान दे सकें।

## भाजपा मुख्यालय पंचकूला से चलेगा, हाईकमान की मंजूरी

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा भारतीय जनता पार्टी रोहतक से अपना दशकों पुराना मुख्यालय बदलने के लिए होमवर्क पूर्ण कर चुकी है। जिसके लिए भाजपा हाईकमान की ओर से मंजूरी भी ले ली गई है। हरियाणा भाजपा 6 अप्रैल को अपना मुख्यालय रोहतक से पंचकूला शिफ्ट करने की तैयारी में है। पार्टी हाईकमान की ओर से वरिष्ठ नेताओं द्वारा दी गई हरिझंडी के बारे में पहले ही प्रदेश के नेताओं को सूचना कर दी गई है। जानकारी अनुसार पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने इसकी खुद ही पुष्टि कर दी है। 6 अप्रैल को पंचकूला में नए पार्टी मुख्यालय में स्थापना दिवस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में पंचकूला मुख्यालय से ही गतिविधियां संचालित होंगी। 14 अप्रैल को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर शेड्यूल जारी कर दिया है। साथ ही इन दोनों कार्यक्रमों के लिए संयोजक और सह संयोजक की नियुक्ति कर दी गई है। अहम बात यह है किरोहतक पार्टी कार्यालय को कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। अहम बात यह है कि दशकों से भाजपा का यहां पर मुख्यालय चलाया जा रहा था।

## अग्निशमन कर्मियों की मांगों पर कार्रवाई शुरू

**चंडीगढ़।** सरकार ने अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग के कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में पहले ही विभाग के अधिकारियों की नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ दो बैठकें हो चुकी हैं। हरियाणा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रतिनिधियों ने विभाग के अधिकारियों के समक्ष जो मुद्दे मांग-पत्र के माध्यम से उठाये थे , उन पर विस्तार चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर दोनों पक्षों में सहमति बनी है उनको सरकार को आगे की कार्रवाई हेतु भेज दिया है।

■ नगर पालिका कर्मचारी संघ अधिकारियों के साथ कर चुका दो बैठकें

■ कर्मचारियों को नियमित करने सहित कई मांगों पर चल रहा मंथन

### जोखिम भत्ता देने की मांग

उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, जॉब सिक्योरिटी एक्ट, 2024 के तहत 58 वर्ष की उम्र तक नौकरी की सुरक्षा की गारंटी का पत्र जारी करने, पुलिस विभाग की तर्ज पर जोखिम भत्ता एवं वर्दी भत्ता देने, पे-रोल पर कार्यरत फायर ऑपरेटर को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा कई अन्य महत्वपूर्ण मांग-पत्र के उठाए गए बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। समीक्षा के दौरान इनमें से जो भी मांगे उचित पाई जाएंगी उन पर आगे कार्रवाई होगी।

## सरकार के फसलों को एमएसपी पर खरीदने के दावे झूठे : चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने अनाज मंडियों में किसानों की फसल को एमएसपी पर न खरीदने के आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की सरसों 500 से 600 कम पर खरीद कर सरेआम लूटा जा रहा है। बीजेपी सरकार किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदने के झूठे दावे करती है। लेकिन हकीकत बीजेपी के दावों से बिलकुल उलट है और सरसों की खरीद-फरोख्त में जमकर धांधली की जा रही है।



इस पर एक रिपोर्ट एचएयू प्रोफेसर द्वारा जारी की थी। आरोप है कि बीजेपी सरकार का संरक्षण प्राप्त दलाल मंडियों में किसानों की सरसों की फसल में अलग अलग कमियां बताकर परेशान करते हैं। कभी सरसों के दानों को छोटा बताकर और कभी उनमें नमी बताकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं। किसान दलालों के बहकावे में आकर अपनी फसल को सस्ते में बेच रहे हैं और दलाल उसी सरसों को एमएसपी पर बेच कर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। भोले भाले किसानों के साथ मंडियों में सरेआम धोखाधड़ी की जा रही है, उन्हें लूटा जा रहा है यह सब बिना सरकार के संरक्षण के संभव नहीं है। किसान व्यवस्था से निराश हो चुके है।

## अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद की तैयारियां अधूरी : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा भले ही किसान हितैषी होने का दावा करे पर किसान हितों की अनदेखी करने में सबसे आगे रहती है। एक अप्रैल से प्रदेश में गेहूं की खरीद शुरू होनी है पर अभी तक कोई तैयारी नहीं है, बारदाना और गेंहू उठान के लिए अभी तक टेंडर तक जारी नहीं किए गए है, मंडियों में न तो पीने के पानी का उचित प्रबंध है और न ही स्ट्रीट लाइटें ठीक की गई है। सरकार अभी तक केवल घोषणाएं करने में लगी हुई है जबकि धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। सैलजा ने कहा कि इस बार सरसों खरीद के नाम पर सरकार किसानों के साथ खेल कर रही है। अधिकारी मनमानी कर रहे है, अंबाला, करनाल, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, कैथल में रविवार को तो सरसों की खरीद तक नहीं हुई और जहां पर खरीद की गई है वहां पर उठान नहीं हो रहा है या उठान बहुत ही धीमा है, दोनों स्थितियों में परेशानी किसानों को ही उठानी पड़ रही है। हिसार अनाजमंडी में 12149 क्विंटल सरसों की खरीद हुई पर उठान मात्र तीन हजार क्विंटल का ही हुआ। इस मंडी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है, मंडी में पेयजल तक का उचित प्रबंध नहीं है, स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी रहती है।



## मुख्यमंत्री ने माता मनसा देवी के किए दर्शन



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन परिवार सहित माता मनसा देवी पहुंचकर माता के दरबार में माथा टेका व पूजा अर्चना कर महामाई का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने यज्ञशाला पहुंचकर हवन किया व हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर उनकी पत्नी सुमन सैनी व बेटे विनय सैनी ने भी माता का आशीर्वाद लिया।

## 34वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में छाए प्रदेश के खिलाड़ी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू- विज्ञान मंत्री और हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने बिहार में बौद्धगया के जी.डी गोइंका पब्लिक स्कूल में आयोजित 34वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा के लड़कों की कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक और लड़कियों की टीम ने रजत पदक अपने नाम किया।पंवार ने कहा कि अंडर - 17 वर्ग में हरियाणा के लड़कों की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में साई की टीम को 54-41 के विशाल अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही अंडर - 17 वर्ग में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने राजस्थान की टीम के साथ उम्दा प्रदर्शन करते हुए कड़ा मुकाबला किया और 39—37 के अंतर से सिल्वर पदक से संतोष करना पड़ा।उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने हरियाणा कबड्डी को एक और नया मुकाम दिया है और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और सम्पर्ण को सिद्ध किया है। उन्होंने कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सचिव नसीब जाँघू, लड़कों व लड़कियों की टीम के कोचों और सभी पदाधिकारियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका

## विस स्पीकर कल्याण ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याणा ने युवाओं से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा युवा सकारात्मक रूप से राजनीति में भाग लें और देश के विकास में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। इस सपने को साकार करने और भारत को जगत गुरू बनाने की दिशा में सभी युवाओं को अपनी भागीदारी निभानी होगी। हरविंद्र कल्याण सोमवार को नेहरू युवा केंद्र संगठन हरियाणा मंडल द्वारा हरियाणा विधानसभा में आयोजित राज्यस्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में शिरकत करने वाले युवक व युवतियों को संबोधित कर रहे थे। कल्याण ने कहा कि ससंद व विधानसभा को लोकतंत्र का मंदिर कहते हैं, जिसमें देश व प्रदेश के कानून बनाने के साथ-साथ नीतियां तय करने व विकास कार्यों का खाका तैयार किया जाता है। यहीं पर देश व प्रदेश के विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए बजट भी निर्धारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का एक देश, एक विधायिका का सपना है, जिसे पूरा करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में जल्द ही देश के अलावा हरियाणा प्रदेश के कोने-कोने में युवाओं, महिलाओं, पंचायतों व को-आपरेटिव सोसाइटी के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के 11 संकल्पों को पूरा किया जा रहा है।

■ विधानसभा व संसद लोकतंत्र के मंदिर : कल्याण



**चंडीगढ़।** कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते विधानसभा स्पीकर।

## चेक बाउंस मामले में राइस मिलर्स को नौ माह की सजा

**भूना।** अनाज मंडी भूना की एक फर्म को 4 लाख 56 हजार रुपये का चेक देने के बाद बाउंस होने पर न्यायिक दंडाधिकारी जोगिंदर जांगड़ा की अदालत ने राइस मिलर्स के प्रोपराइटर राजेश कुमार को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को 9 महीने की सजा सुनाई। साथ ही फर्म को 4 लाख 56 हजार रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए। फर्म किशन चंद, दिनेश कुमार का टोहाना रोड पर डूल्ट गांव में नंबरदार राइस मिलर्स के साथ वर्षों से लेनदेन चल रहा था। फर्म का राइस मिलर्स के साथ 5 लाख 46 हजार 403 रुपये का लेनदेन था। इसके तहत 30 सितंबर 2018 को राइस मिलर्स ने फर्म को 4 लाख 56 हजार रुपये का चेक दिया। फर्म ने चेक बैंक में लगाया, लेकिन वह बाउंस हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायती तौर पर समझौते की कोशिश हुई। समझौता नहीं होने पर फर्म संचालक दिनेश कुमार ने 20 दिसंबर 2018 को अधिवक्ता तेजेंद्र बिश्नोई के जरिये अदालत में एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत शिकायत दर्ज कराई। अदालत में करीब 6 साल 2 महीने 18 दिन तक दोनों पक्षों की बहस चली। इसके बाद अदालत ने राजेश कुमार को दोषी माना। फैसले के बाद राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से फैसले के खिलाफ अपील दायर कर दी है।

# हिमाचल के मणिकर्ण में लैंडस्लाइड, पेड़ कार के ऊपर गिरा, हिसार के तीन छात्रों की मौत

■ गुरुद्वारे में दर्शन के बाद वापस लौट रहे थे ■ हादसे में तीन अन्य लोगों की जान गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिमाचल प्रदेश के मणिकर्ण में गुरुद्वारे के पास हुए लैंडस्लाइड हादसे में मरने वाले छह लोगों में तीन छात्र हिसार के हैं। इनमें हिसार के तारा नगर निवासी छात्र मनीष, ओम विश्वविद्यालय की छात्रा दिनता व बरेली निवासी एवं हांसी में रह रहे गुलशन शामिल है। इसी हादसे में सेक्टर 14 निवासी छात्रा प्राची भी घायल हुई है, जिसका उपचार चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार ये छात्र सेक्टर 14 स्थित हरियाणा स्कूल ऑफ डिजिटल मार्केटिंग इंस्टीट्यूट (एचएसडीएम) से हैं। ये सभी छात्र हिमाचल घूमने गए दल में शामिल थे मगर मणिकर्ण गुरुद्वारे के पास 17 छात्रों के दल में से 4 छात्र मैगी खाने सड़क किनारे चले गए थे। जहां रविवार शाम को लैंडस्लाइड में पहाड़ी से भारी भरकम पेड़ ऊपर गिर गया। तीनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। इनको रविवार को हिसार लौटना था लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।यहां के सेक्टर 14 स्थित इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर दिनेश जांगिड़ ने बताया कि 17 सदस्यों का दल 28 मार्च को हिसार से घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश गया था। रविवार को वह कुल्लू के मणिकर्ण गुरुद्वारे में दर्शन करने के लिए गए थे। वह तीन दिन पहले हिसार से घूमने के लिए गए थे। रविवार को उनको वापस आना था, लेकिन उससे पहले वह गुरुद्वारे में सभी विद्यार्थियों के साथ चले गए। हादसे के समय कुछ छात्र गुरुद्वारे में थे तो कुछ दूसरी गाड़ी में सामान लेने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि मणिकर्ण में हादसा तेज तूफान के कारण लैंडस्लाइड होने से भारी भरकम पेड़ के गिरने से हुआ। पेड़ सड़क पर पहले से ही खड़ी करीब 5-6 गाड़ियों के ऊपर गिरा। जिससे 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, इनमें 3 हिसार के छात्र थे। वहीं इस हादसे में हिसार की प्राची घायल हुई है, जिसे कुल्लू के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। प्राची के परिजन को हादसे की सूचना दे दी गई है।



**हिसार।** हादसे के बाद बचाव अभियान चलाते स्थानीय लोग।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से विकास के नई रास्ते खुलेंगे : अरविंद शर्मा


**चंडीगढ़।** सहकारिता व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मैकाले शिक्षा पद्दति को बदल कर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करके देश के युवाओं को रुचि और योग्यता अनुसार शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र, समाज को मजबूत बनाने का अवसर दिया है। आज हमारी युवा पीढ़ी जितना संस्कारवान होगी, उतना ही देश तरक्की करेगा। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा सोनीपत के गोहाना में गीता विद्या मंदिर विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे। पर्यटन मंत्री ने अपने संबोधन में विक्रमी सम्वत नववर्ष व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि हमारा युवा रचनात्मक बने, संस्कारवान बने। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते हुए इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब ने प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तेजी से लागू करते हुए नई मिसाल कायम की है।

# पटवारी का कारनामा, 50 हजार श्रमिकों की वर्क स्लिप वेरिफाई कर दी, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जींद में एक पटवारी को सस्पेंड किया गया है। पटवारी ने लेबर विभाग से रजिस्टर्ड श्रमिकों की 50 हजार से ज्यादा वर्क स्लिप वेरिफाई कर दी थी। इसके बाद मामले की जांच की जा रही थी। जांच के बाद पटवारी को सस्पेंड कर मुख्यालय अंबाला किया गया है। बीडीपीओ अक्षयदीप सिंह ने पटवारी के सस्पेंशन की पुष्टि की है।श



■ जांच के बाद पटवारी को सस्पेंड कर मुख्यालय अंबाला किया गया

### शिकायत पर कार्रवाई

फरवरी माह में अलेवा क्षेत्र के ग्राम सचिव विरेंद्र ने श्रम विभाग को शिकायत देकर बताया था कि एक ही पटवारी संदीप द्वारा जींद के अलावा प्रदेशभर के श्रमिकों की 50 हजार से ज्यादा वर्क स्लिप वेरिफाई की गई हैं। इसमें फर्जीवाड़ा हुआ है। इस पर श्रम विभाग ने जांच शुरू की और संदीप पटवारी द्वारा वेरिफई की गई सभी लेबर कॉपियों को होल्ड कर दिया। इसके बाद श्रमिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। होल्ड की गई लेबर कॉपियों को दोबारा से शुरू करने की मांग को लेकर यूनियनों ने प्रदर्शन किए। दरअसल लेबर डिपार्टमेंट से रजिस्टर्ड श्रमिकों ने साल में कितने दिन कहां पर काम किया, इसकी वर्क स्लिप बनवा कर अधिकृत अधिकारी से वेरिफाई करवानी होती है। श्रमिकों ने अपनी लेबर कॉपी अलेवा में तैनात संदीप पटवारी से वेरिफाई करवा ली। संदीप पटवारी ने प्रदेशभर की करीब 50 हजार कॉपियों को वेरिफाई कर दिया। इसमें जींद जिले की 32 हजार कॉपी थी। मामले की विभागीय जांच में ये भी पता चला कि सैंकड़ों ऐसी वर्क स्लिप हैं, जिनमें मजदूर ने काम भी नही किया और उन्हें भी वेरिफाई किया गया है।

### श्रम व पंचायत विभाग ने मामले की अलग-अलग की जांच

श्रम विभाग और पंचायत विभाग द्वारा अलग-अलग मामले की जांच की गई और इसमें संदीप पटवारी को आरोपित ठहराया गया और उसे तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए। 28 मार्च को पंचायती विभाग ने संदीप पटवारी के सस्पेंशन का लैटर जारी कर दिया। रविवार को अलेवा के बीडीपीओ कार्यालय और पटवारी संदीप को सस्पेंशन लैटर मिला। अलेवा बीडीपीओ अक्षयदीप ने बताया कि रविवार को उनके पास पटवारी को सस्पेंड किए जाने का आधिकारिक पत्र आ गया था। और इस पत्र से पटवारी को अवगत करवा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दिविशा का कंबाइंड डिफेंस सर्विस में चयन

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल की दिविशा ने देश के प्रतिष्ठित एवं कठिन परीक्षाओं में से सीडीएस की परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित होकर पूरे भारत में 21वां रैंक प्राप्त किया है। दिविशा के चयन की खबर ने स्कूल प्रबंधक, शिक्षकों और विद्यार्थी के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय निदेशिका आशा पाहुजा ने बताया कि दिविशा अब प्रशिक्षण के लिए चेन्नई जाएगी। दिविशा ने अपनी मेहनत और लग्न से उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने दिविशा की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि ये हमारे स्कूल की शिक्षा और मूल्यों का परिणाम है।

### वाहन चोर गिरफ्तार, दो चोरी की बाइक बरामद



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-3 प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार की टीम ने 2 मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मार्च को हरपाल निवासी सेक्टर-3 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर-3 में अपनी मोटरसाइकिल नंबर एचआर-29 टी 8795 चोरी बारे शिकायत दी, जिस पर थाना सेक्टर 8 में चोरी की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

---

लोहारू: जमीन का कब्जा छुड़ाने पहुंची टीम, रोकने के लिए उठाया कदम

# पुलिस के सामने 2 भाइयों ने खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगाई

- दोनों की हालत गंभीर पीजीआई किया रेफर
- जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में चल रहा है कई वर्षों से विवाद, जमीन का कब्जा छुड़ाने पहुंची टीम से उलझे
- डीसी व एसपी सामान्य पहुंचे अस्पताल, ली पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

सोमवार को हाईकोर्ट के आदेश पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल शहर के चौ देवीलाल खेल स्टेडियम के पीछे जमीन को खाली कराने पहुंचा। लेकिन इस दौरान जमीन पर कबिज लोगों ने इसका विरोध किया और दो लोगों ने पैट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासन की टीम गंभीर रूप से झुलसे दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया और बाद में प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। घटना के बाद एसडीएम मनोज दलाल के अलावा नपा प्रधान प्रदीप तायल व कई पार्षद भी मौके पर पहुंच गए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट शेखर नरवाल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल शहर के दादरी मोड़ पर एक जमीन पर कब्जा खाली करवाने पहुंचे थे। टीम जैसे ही मौके पर पहुंची तो जमीन पर काबिज लोगों ने इसका विरोध किया। विरोध जता रहे करीब 42 वर्षीय सतवीर और करीब 30 वर्षीय अशोक ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगा ली। आग लगते ही पीड़ितों की चित्कार शुरू हो गई और मौके पर मौजूद महिलाओं ने चिल्लाना शुरू कर दिया। पुलिस के जवानों और परिजनों ने झुलसने से बचाने के लिए काफी प्रयास किया तथा दोनों को गंभीर घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया। बाद में पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। एसडीएम मनोज दलाल, नपा प्रधान प्रदीप तायल, पार्षद अंतर सिंह पहुंच गए और पीड़ितों से बातचीत की। डीएसपी भारत भूषण, पुलिस बल और इलाके के काफी लोग मौजूद थे।



**लोहारू।** आग की लपटों से घिरे युवक। फोटो : हरिभूमि



**लोहारू।** सामान्य अस्पताल में घायलों के परिजनों से बातचीत करते एसपी।

### कोर्ट ने जमीन खाली करने का नहीं दिया नोटिसः धर्मबीर

पीड़ित धर्मबीर सिंह ने बताया कि आत्मदाह का प्रयास करने वाले सतवीर और अशोक उसके भाई हैं तथा वे जिस जमीन पर काबिज हैं, पुलिस प्रशासन उस जमीन को खाली करवाने पहुंचा था। धर्मबीर ने आरोप लगाया कि जमीन खाली करवाने का प्रशासन और न्यायालय ने उन्हें कोई नोटिस भी नही दिया। न्यायालय के आदेश पर स्टे के लिए उन्होंने भी न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है तथा जिसकी सुनवाई 8 अप्रैल को होनी है।

### कानून के दायरे में की जाएगी कार्रवाई

हाई कोर्ट के आदेश अनुसार नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। इंद्रावती बनाम दुलीचंद आदि मामले में एसपी भिवानी और डीएसपी लोहारू को उच्च न्यायालय में कब्जा दिलाने के लिए पार्टी बनाया गया था इसी मामलों को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। लेकिन कब्जा खाली करवाने गई टीम के सामने दो व्यक्तियों द्वारा किया गया आत्मदाह के प्रयास की घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। कानून के दायरे में भी सभी कार्य किए जाएंगे। **-एसडीएम मनोज दलाल**

---

# यमुनानगर में प्रतिबंधित दवाई के 936 कैप्सूल के साथ युवक को धर दबोचा

*एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने आरोपी को कलानौर बॉर्डर के पास पकड़ा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने एक युवक को कलानौर बॉर्डर के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित दवाई के 936 कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एसआई मोनू ने बताया कि वह रात को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि कलानौर बॉर्डर से एक युवक प्रतिबंध दवाई के कैप्सूल लेकर यमुनानगर आएगा। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ कलानौर बॉर्डर पर पहुंचकर नाका लगाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक युवक आता दिखाई दिया। जब उन्होंने उसे रुकने का इशारा किया तो आरोपी मौके से भागने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाई के 936 कैप्सूल बरामद हुए। इन कैप्सूलों को लाने ले जाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। आरोपी युवक की पहचान मोहम्मद ताबिश के रूप में हुई।



**यमुनानगर।** प्रतिबंधित दवाई के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी।


### आधार हैल्थ इंस्टीट्यूट
(A Unit of VLCOM Healthcare Pvt. Ltd)
तोशाम रोड, हिसार-125005 हरियाणा
दूरभाष: 7206495678

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिन मरीजो ने आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट, हिसार में 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक भर्ती होकर अपना या अपने परिवार के सदस्य का इलाज कराया है, उनके मेडिकल रिकॉर्ड को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र (F. NO. 12034/3/2014-MH-II-MH-I) के तहत नष्ट किया जा रहा है। इस सूचना / इश्तिहार के 30 दिन के बाद रिकार्ड उपलब्ध नहीं होंगे। अतः आप कोई भी दावा अस्पताल पर नहीं कर सकेंगे।

अगर किसी को कोई रिकॉर्ड चाहिए तो कृपया अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (रूम न. 71, सतहतल) में मरीज का आईपीडी नं. और अपना पहचान पत्र के साथ सूचना / इश्तिहार के 30 दिन के भीतर संपर्क करें।

नोटः कृपया अगर कोई रिकॉर्ड से सम्बंधित जानकारी लेने आये तो मरीज की दाखिल व छुट्टी की तारीख और आई.पी.डी. नम्बर के साथ आये।

**निदेशक**
आधार हैल्थ इंस्टीट्यूट, हिसार



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहरूख** पुत्र **इसराइल** निवासी **गांव/पोस्ट जीवंत, थाना पुन्हाना, जिला नूंह, हरियाणा** ने case **FIR No. 164/19 U/s 25/54/59 Arms Act, थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **शाहरूख** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **शाहरूख** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 164/19 U/s 25/54/59 Arms Act, थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहरूख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अदिति राव**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 508**
**साकेत कोर्ट परिसर, दिल्ली**

**DP/3986/SE/2025(Court Matter)**



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7458

हमकि बलजीत – प्रदीप – धर्मजीत पुत्रान करतारे उर्फ करतार सिंह पुत्र किशनचन्द, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21, के अनुसार खेवट न0 348/293/2मिन, खाता न0 354, मु0 न0 27, किला न0 5/2/2(0–1), मु0 न0 28, किला न0 9/1(0–9), 10/1(0–14), किते 3, तादादी रकबा 1 कनाल 4 मरले का 1/6 भाग, बकदर 0 कनाल 4 मरले (0.025 एकड़) (जिसमें बलजीत – प्रदीप – धर्मजीत हर तीन समभाग) वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा खेवट न0 348/293/2मिन, खाता न0 354, किते 3, तादादी रकबा 1 कनाल 4 मरले का 1/6 भाग, बकदर 0 कनाल 4 मरले (0.025 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 31.03.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


---

*अब गरीब को लूट रहे थे अधिकारी, चाय की दुकान पर घूस लेते थे*

# पीएम आवास योजना के तहत 25 हजार रुपये की रिश्वत सहित प्रबंधक और जेई गिरफ्तार

- दूसरी किस्त की राशि डलवाने की एवज में मांगी थी 50 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो कैथल की टीम ने सोमवार दोपहर प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त की राशि जारी करने के नाम पर 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते जिला प्रबंधक व जेई को गिरफ्तार किया है। टीम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला प्रबंधक विशाल गुप्ता व जेई तरुण को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में आरोपियों ने एक लाभार्थी से उसकी दूसरी किस्त डलवाने की एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद शिकायत पर 25 हजार रुपये की रिश्वत देते हुए टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लाभार्थी ने एसीबी टीम को सूचना दी कि ये दोनों लाभार्थियों से योजना के लाभ देने के लिए रुपये की मांग करते हैं। टीम ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दोनों को रुपये लेते हुए काबू कर लिया। जानकारी पर अधिकारियों और कर्मचारियों को लगी तो नगर परिषद कार्यालय में हड़कंप मच गया।



**कैथल।** एसीबी की टीम आरोपियों को काबू कर ले जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### किश्त के दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगी

कैथल के अर्जुन नगर निवासी गुरचरण सिंह ने शिकायत दी थी कि उसकी पत्नी पीएम आवास योजना की लाभार्थी है। उसके मकान की 50 हजार रुपये की पहली किश्त तो मिल गई। अब करीब डेढ़ लाख की दूसरी किस्त मिलनी थी। इस किस्त के दिलाने के नाम पर योजना के जिला प्रबंधक विशाल गुप्ता व जेई तरुण ने उससे 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। इसके बाद उसने कहा कि वह एकमुश्त में यह रिश्वत की राशि नहीं दे सकते हैं। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि वे दो किस्तों में यह राशि दें। इसके बाद टीम का गठन किया और दुकान पर बुलाया। 25 हजार की राशि लेते हुए रंगें हाथ धर दबोचा।

---

# रंगदारी मांगने के तीन आरोपित गिरफ्तार

- 20 मार्च रात को असलहा के बल पर 20 लाख रुपये की चौथ मांगी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्याम नगर निवासी विकास से असलहा के बल पर 20 लाख रुपये की चौथ मांगने के तीन आरोपितों को पटियाला चौक पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान आशीष वासी गांव बेंस जिला पानीपत, जलकरन वासी गांव कुराड पानीपत व रवि वासी गांव बाल जाटान जिला पानीपत के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थाना शहर प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि मूल रूप से गांव दालमवाला हाल आबाद श्याम नगर निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रोपर्टी डीलर का कार्य करता है। 20 मार्च की देर रात को उसके गांव का ही पुनीत उर्फ कड़वा लगभग आधा दर्जन युवकों के साथ घर आया। वह घर में घुसे युवकों को नही जानता था। आरोपित ने बताया कि वह पुनीत कड़वा है।



पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपित।

---

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

---

# ज्वेलरी की दुकान में चकमा देकर आभूषण उड़ाए, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने आरोपी विनय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवेश वासी डबुआ कॉलोनी ने थाना भूपानी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी भूपानी में एक ज्वैलरी शॉप है, 19 मार्च को उसकी पत्नी ज्वैलरी शॉप पर बैठी थी तभी दो महिलाएं आई तथा ज्वैलरी देखने के बहाने सोने के कुछ आभूषण चुरा कर ले गई। जिस शिकायत पर थाना भूपानी में चोरी की धारा में मामला दर्ज किया गया। मामला में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर.85 की टीम ने विनय निवासी गांव रमाला जिला बागपत उत्तर प्रदेश हाल हर्ष विहार दिल्ली की तकनीकी सहायता से पहचान कर बदरपुर बॉर्डर एरिया से काबू किया है। चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले उसने दुकान की रैकी की थी।



**फरीदाबाद।** आभूषण चोरी के मामले का आरोपी क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की गिरफ्त में।

### 2.050 किलोग्राम गांजा सहित डिलीवरी बॉय काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने गांजा तस्करी करने के आरोपी मनोज को काबू किया है। आरोपी से 2.050 किग्रा गांजा बरामद किया गया है।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL
Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)
01282-257233 email: dmhfdnrl@gmail.com

**E-TENDER**

Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced transport contractor for handling and transportation/distribution of foodgrains under Anganwari Scheme and MDM scheme for Mahendergarh district for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 as per scheduled given below :-


| S.No. | Particulars | For Anganwari scheme | For MDM scheme |
|---|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Tender Fee & e-service fee | From 01.04.2025 (9.00 AM) to 08.04.2025 (5.00 PM) | From 01.04.2025 (9.00 AM) to 08.04.2025 (5.00 PM) |
| 2. | Online submission of Bid | Up to 08.04.2025 (5.00 PM) | Up to 08.04.2025 (5.00 PM) |
| 3 | Date and time of opening of Technical Bids | On dated 09.04.2025 at 11.30 AM | On dated 09.04.2025 at 11.30 AM |
| 4 | Date and Time of opening of Financial bids of only valid tenderer | On dated 09.04.2025 at 2.00 PM or as decided by the committee. | On dated 09.04.2025 at 2.00 PM or as decided by the committee. |

The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

**District Manager,**
**Hafed, Narnaul.**


---

## शब्द पहेली - 5822



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

**शब्द पहेली- 5821 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | ब्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 5832

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 5831 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |




# अश्वनी-रिकेलटन ने मुंबई को केकेआर पर दिलाई शानदार जीत




भाषा ▸▸ मुंबई

अपने पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले बायें हाथ के तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार और 41 गेंद में नाबाद 62 रन बनाने वाले रियान रिकेलटन की पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स को सोमवार को आईपीएल के मैच में आठ विकेट से हराया। पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी ने आईपीएल में पहला मैच खेलते हुए 24 रन देकर चार विकेट लिये।

मुंबई ने इस सत्र में पहली बार वानखेड़े स्टेडियम पर खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया जो इस सत्र में उसका न्यूनतम स्कोर है। अश्वनी आईपीएल में पहले ही मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए। जवाब में इस सत्र में मुंबई से जुड़े दक्षिण अफ्रीका के रिकेलटन ने 41 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन बनाकर मेजबान टीम को 12.5 ओवर में ही दो विकेट खोकर 121 रन तक पहुंचा दिया। यह इस सत्र में मुंबई की पहली जीत है जिसे पहले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार यादव नौ गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित शर्मा 13 और विल जैक्स 16 रन बनाकर आंद्रे रसेल का शिकार हुए। इस जीत के साथ पांच बार की चैम्पियन मुंबई टीम सबसे निचले स्थान से तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और उसका नेट रनरेट भी 0.309 हो गया।

### 8 विकेट से जीती मुंबई

## लखनऊ को पहली जीत की तलाश, आज पंजाब देगा चुनौती

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां जब फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स की मेजबानी करेगी। नए कप्तान ऋषभ पंत की नजरें अच्छा प्रदर्शन करने और टीम को घरेलू मैदान पर सत्र की पहली जीत दिलाने पर टिकी होंगी। पिछले साल नीलामी में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने पंत शुरुआती दो मैच में बल्लेबाज के तौर पर नाकाम रहने के बाद 27 करोड़ रुपए की अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पंत शुरुआती दो मैच में शून्य और 15 रन की पारियां ही खेल पाए हैं। यह आक्रामक भारतीय खिलाड़ी रन बनाकर अपने अपने आलोचकों को चुप कराने के लिए बेताब होगा।



### खास खबर

## रॉयल्स कप्तान पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स पर अपनी टीम की छह रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाने के बाद सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। आईपीएल ने कहा, 'यह न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'



टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली रॉयल्स की टीम अब पांच अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## स्ट्राइक रेट बेहतर करना चाहता हूं

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पंजाब किंग्स के हरफनमौला अजमतुल्लाह उमरजई वनडे प्रारूप में मिली सफलता को टी20 में दोहराना चाहते हैं और उसके लिये वह अपनी रफ्तार के साथ बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट पर भी मेहनत कर रहे हैं। पिछले 12 महीने उमरजई के लिये बेहतरीन रहे जिसमें उन्हें आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार पाने वाले वह अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं। वह आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला भी हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांच विकेट लिए जिसके दम पर उनकी टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।



## धोनी के घुटने में चोट, 10 ओवर बल्लेबाजी मुश्किल : फ्लेमिंग

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया कि महेंद्र सिंह धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और यह पूर्व कप्तान मैच की स्थिति के आधार पर अपना बल्लेबाजी क्रम तय करता है। पिछले सप्ताह चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सुपरकिंग्स की 50 रन की हार के दौरान नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए 43 वर्षीय धोनी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। रविवार को धोनी ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की जब सुपरकिंग्स को 25 गेंद पर 54 रन की जरूरत थी लेकिन वह 11 गेंद पर सिर्फ 16 रन ही बना सके और टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लेमिंग ने कहा, 'यह समय की बात है। धोनी इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं। वह ठीक से मूव कर रहे हैं लेकिन इसमें पोषण संबंधी पहलू भी है। वह पूरी ताकत के साथ 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते।



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## स्पेनिश फुटबॉल लीग में गिरोना को 4-1 से दी करारी मात

# लेवानडोवस्की के दो गोल से जीता बार्सीलोना, मैड्रिड पर बनाई बढ़त

एजेंसी ▸▸ मैड्रिड

बार्सीलोना ने रविवार रात को यहां गिरोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर एक बार फिर तीन अंक की बढ़त बना ली। रोबर्ट लेवानडोवस्की ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बार्सीलोना की जीत में अहम भूमिका निभाई। लेवानडोवस्की ने अपने पिछले नौ लीग मैच में नौ गोल किए हैं और प्रतियोगिता में उनके कुल 25 गोल हैं जो मैड्रिड के काइलियान एमबापे से तीन अधिक हैं।

बार्सीलोना ने पहले हाफ में गिरोना के डिफेंडर लादिस्लाव क्रेज्सी के आत्मघाती गोल से बढ़त बनाई थी। टीम की ओर से चौथा गोल फेरान टोरेस ने किया। गिरोना की ओर से एकमात्र गोल दूसरे हाफ में आर्नोट डेनजुमा ने किया। शनिवार को मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर बार्सीलोना के समान अंक कर लिए थे।



### बार्सीलोना 66 अंक से शीर्ष पर

बार्सीलोना अब 29 मैच में 66 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि रीयाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। अन्य मुकाबलों में रीयाल बेटिस ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेविला को 2-1 से हराया जबकि विला रीयाल ने गेटाफे को इसी अंतर से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने ओसासुना से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि वेलेंसिया ने मालोर्का को 1-0 से हराया।




### मैनचेस्टर सिटी ने जीत से सेमीफाइनल में बनाई जगह

**बोर्नेमाउथ।** मैनचेस्टर सिटी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नेमाउथ को 2-1 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जिससे टीम के पास अब भी अपने निराशाजनक सत्र का अंत खिताब के साथ करने का मौका है। इस मैच के दौरान हालांकि सिटी को वापसी दिलाने वाले एर्लिंग हैलेंड चोटिल हो गए। पहले हाफ में हॉलेंड की पेनल्टी को रोक दिया गया था लेकिन 49वें मिनट में उन्होंने सिटी को बराबरी दिला दी। हालांकि इसके 12 मिनट बाद उन्हें बाएं टखने में चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। हॉलेंड की जगह मैदान पर उतरे ओमार मारमोश ने दो मिनट के भीतर गोल दागकर सिटी को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाले लगातार सातवें सत्र में सेमीफाइनल में जगह दिलाई। बोर्नेमाउथ की ओर से मैच का एकमात्र गोल 21वें मिनट में इवानिल्सन ने दागा।

## खबर संक्षेप

### सिल्वा लगातार चौथी बार बने एसएलसी अध्यक्ष

**कोलंबो।** शम्मी सिल्वा को सोमवार को यहां 64वीं वार्षिक आम सभा में श्रीलंका क्रिकेट का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एसएलसी ने कहा कि उन्हें 2025-27 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। यह अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है।सिल्वा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी। सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित रहा था।



### वनडे नहीं टी20 श्रृंखला खेलेंगे पाक-बांग्लादेश


**कराची।** पाकिस्तान और बांग्लादेश ने एशिया कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला की जगह मई में पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि दोनों बोर्ड को लगा कि दो बड़ी टी20 प्रतियोगिताओं को देखते हुए लंबी टी20 श्रृंखला खेलना अधिक समझदारी भरा है और इससे दोनों टीम को अपने युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने का मौका मिलेगा।

### बैसाखी के सहारे चल रहे द्रविड़ से ऐसे मिले धोनी

**गुवाहाटी।** आईपीएल 2025 के 11वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हरा दिया। इस जीत के बाद आरआर के कोच राहुल द्रविड़ बेहद खुश दिखे। यह राजस्थान की इस सीजन की पहली जीत थी। मैच के बाद द्रविड़ बैसाखी के सहारे चलते हुए मैदान पर आए। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी टीम इंडिया के अपने पूर्व साथी को इस हालत में देखकर खुद को रोक नहीं सके। वह द्रविड़ के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाया। फिर उन्होंने पैर की ओर इशारा उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी। दोनों ने काफी देर तक बात भी की। आखिर में द्रविड़ ने धोनी की पीठ थपथपाई और धोनी वहां से चले गए।

### नेशंस लीग फुटबॉल

## जोकोविच के 100वें खिताब का सपना टूटा, याकुब बने चैंपियन



एजेंसी ▸▸ मियामी गार्डन्स

चेक गणराज्य के किशोर खिलाड़ी याकुब मेनसिक ने सोमवार को यहां नोवाक जोकोविच को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीता जो उनका पहला एटीपी खिताब है।

मैच साढ़े पांच घंटे से अधिक के विलंब से शुरू हुआ जबकि बारिश के बाद काफी अधिक उमस के कारण कोर्ट पर फिसलन भी थी। इसके अलावा जोकोविच की आंख में भी संक्रमण था। मेनसिक ने जोकोविच के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और सर्बिया के 37 वर्षीय खिलाड़ी के 100वें एटीपी खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया।

दुनिया के 54वें नंबर के खिलाड़ी मेनसिक ने 14 ऐस लगाए और सिर्फ एक बार अपनी सर्विस गंवाई। चेक गणराज्य के खिलाड़ी ने मैच प्वाइंट पर सर्विस विनर के साथ खिताब अपने नाम किया।

## नरेंद्र को विश्व मुक्केबाजी कप में भारत की कमान

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल सोमवार से ब्राजील के फोज डू इगुआकु में शुरू होने वाले पहले विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम की अगुआई करेंगे जिसे मिश्रित ड्रॉ मिला है। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी को शामिल किए जाने और फरवरी में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से अस्थाई मान्यता प्राप्त करने के बाद यह टूर्नामेंट विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है।



**भारतीय टीम :** जादुमणि सिंह मंडेंगबम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), हितेश (70 किग्रा), निखिल दुबे (75 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), जुगनू (85 किग्रा), विशाल (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक)।

## राणा की पारी शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी थी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नितीश राणा की प्रशंसा करते हुए उनकी 36 गेंद में 81 रन की पारी को 'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी' कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर छह रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण को भी दिया। नितीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की। वानिंदु हसरंगा के चार विकेट और कार्यवाहक कप्तान रियान पराग का शिवम दुबे का एक हाथ से शानदार कैच लपकने सहित टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने जीत में अहम भूमिका निभाई।



## बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पुरुषों के एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन राजगीर में 29 अगस्त से सात सितंबर के बीच किया जाएगा जो बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले 2026 एफआईएच विश्व कप का क्वालीफायर भी होगा।

बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर को महिलाओं की एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के सफल आयोजन के बाद मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। टूर्नामेंट का विजेता सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा जिससे प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीम हिस्सा लेंगी। शेष दो टीम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करेंगी।



राजगीर को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आयोजन स्थल के रूप में अंतिम रूप देने के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

## रोहित को प्लेइंग-11 में नहीं मिली जगह

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की प्लइंग-11 में जगह नहीं मिली है। रोहित का नाम इम्पैक्ट प्लेयर की लिस्ट में शामिल है और इस बात की प्रबल संभावना है कि वह इसी भूमिका में उतरेंगे। मुंबई ने केकेआर के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस से पहले रोहित टीम हडल में बात करते नजर आए थे। इससे पहले सीएसके के खिलाफ भी रोहित का इस्तेमाल इम्पैक्ट सब के तौर पर किया गया था। हालांकि, उस मैच में रोहित प्लेइंग-11 का हिस्सा थे, लेकिन फील्डिंग के दौरान रोहित की जगह विग्नेश पुथुर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर लाया गया था।



### 16 साल की उम्र में अंडर-19 विश्व कप टीम के थे सदस्य

# अनदेखी के बाद जीशान ने आईपीएल में छोड़ी छाप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीशान अंसारी 2016 में 16 साल की उम्र में भारतीय अंडर-19 विश्व कप टीम के सबसे कम उम्र के सदस्य थे जिस टीम के कई सदस्यों ने बाद में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। ऋषभ पंत, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, सरफराज खान, आवेश खान और खलील अहमद जहां अगले स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयास कर रहे थे तो वहीं जीशान गुमनामी में खो गए। तब से उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए सिर्फ पांच रणजी ट्रॉफी मैच और एक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबला खेला है। लखनऊ के हजरतगंज का यह लेग स्पिनर उस टीम में आकर्षण का केंद्र नहीं था जिसके छह खिलाड़ियों ने बाद में विभिन्न प्रारूप में भारत की सीनियर टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। वर्षों की गुमनामी के बाद रविवार की दोपहर अब 25 वर्षीय और बेहतर कद-काठी वाले अंसारी ने आईपीएल में पदार्पण करते हुए फाफ डु प्लेसिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और लोकेश राहुल जैसे उम्दा बल्लेबाजों को आउट किया लेकिन उनकी टीम सनराइजर्स को हार का सामना करना पड़ा। जीशान गेंद को फ्लाइट करने से नहीं डरते और इससे पूर्व अंडर-19 भारतीय चयनकर्ता और उत्तर प्रदेश के दिग्गज ज्ञानेंद्र पांडे उस समय प्रभावित हुए थे। उन्हें जूनियर राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था।



### यूपी राज्य ने नहीं दिया मौका

भारत के लिए 1999 में दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पांडे ने कहा, 'उसे ईद से पहले ईदी मिल गई। वह काफी कड़ी मेहनत करने वाला गेंदबाज है। मैं इस बात में नहीं पड़ना चाहता कि उन्होंने इतने वर्षों में घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए अधिक मैच क्यों नहीं खेले लेकिन वह मेरठ मैवरिक्स के लिए यूपी टी20 लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद के स्काउट्स ने उन्हें चुना।' हजरतगंज में एक दर्जी के बेटे जीशान ने पांच रणजी मैच में 17 विकेट लिए जो कि शानदार प्रदर्शन तो नहीं हैं लेकिन फिर भी 2020 से किसी भी प्रारूप में मौका नहीं मिलने से सवाल उठ सकते हैं।

चिंतन

# अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बढ़ रही अनिद्रा चिंतनीय

देश जिस गति से डिजिटल हो रहा है, देश में स्मार्टफोन्स के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, उसी अनुपात में देश के किशोरों, युवाओं और अब तो बच्चों के सामने शारीरिक व मानसिक सवास्थ्य की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि स्क्रीन के अधिक उपयोग से अनिद्रा का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जैसे जैसे वर्चुअल तकनीक बढ़ रही है, विजुअल दुनिया बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे वैसे सभी आयुवर्ग के लोग स्क्रीन्स के आदी होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर, आंखों की रोशनी, नींद, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ता है। सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन (मोबाइल, टैब, लैपटॉप या पीसी) का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा लगभग साठ प्रतिशत बढ़ सकता है और नींद का समय लगभग आधे घंटे कम हो सकता है। एक अध्ययन के दौरान नॉर्वे में 18-28 वर्ष की आयु के 45,000 से अधिक छात्रों से उनके सोने के समय और आदतों के बारे में सवाल किया गया, जिसमें यह भी शामिल था कि वे सोने के बाद कितनी देर तक स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। इन छात्रों ने स्क्रीन के इस्तेमाल का उद्देश्य, जैसे कि फ़िल्में देखना या सोशल मीडिया देखना, भी बताया। 'फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, स्क्रीन गतिविधि का प्रकार उतना मायने नहीं रखता जितना कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करते हुए बिताया गया कुल समय। अध्ययन के दौरान सोशल मीडिया और अन्य स्क्रीन गतिविधियों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया, जिससे पता चलता है कि स्क्रीन का उपयोग ही नींद में व्यवधान का मुख्य कारण है। अनिद्रा को सोने में 30 मिनट से अधिक समय लगने के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसमें रात के दौरान अक्सर नींद से जागना जैसी परेशानियां शामिल हो सकती हैं। नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसलिए, दिन के दौरान नींद आ सकती है, जिससे गतिविधियों में बाधा आती है। मोबाइल स्क्रीन का ज़्यादा इस्तेमाल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जिससे आंखों पर दबाव, नींद की कमी, तनाव, और सामाजिक संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधला दिखना और सिरदर्द हो सकता है। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है और अनिद्रा की समस्या पैदा कर सकता है। अधिक समय तक झुकी हुई मुद्रा में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। स्क्रीन के सामने बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जो मोटापे का कारण बन सकती है। अत्यधिक सोशल मीडिया का इस्तेमाल तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम अवसाद के खतरे को बढ़ा सकता है, सामाजिक संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है और लोगों को अकेलापन महसूस हो सकता है, एकाग्रता की क्षमता कम हो सकती है व निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। बच्चों की आंखों पर मोबाइल के प्रभाव और स्क्रीन टाइम के बच्चे के विकास पर व्यापक प्रभाव को समझना माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए ज़रूरी है। इसलिए जरूरी है कि स्क्रीन टाइम को सीमित करने के लिए नियम बने। लोग खुद तय करें, बच्चों के लिए अभिभावक समय निश्चित करें, स्कूल, कॉलेज, परिवार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्क्रीन के प्रयोग को रेगुलेट किया जाय। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी से अंधापन बढ़ रहा है।

# बेंगलुरु से संघ का राष्ट्र निर्माण संदेश



विश्लेषण
अवधेश कुमार

**शताब्दी वर्ष में संघ की बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय आयोजन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण घटना मानी जाएगी। शताब्दी वर्ष के संकल्प का शीर्षक है, विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण। संघ की आलोचनाओं से परे हटकर विचार करिए। हिंदुत्व का सर्वसमावेशी विचार और उसके अनुरूप भारत राष्ट्र सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए कार्यक्रम का संकल्प उपयुक्त दृष्टि या सही दिशा में कार्य करने से प्राप्त उपलब्धियां के आत्मविश्वास के बिना संभव नहीं। इसमें मनुष्य को अपने परिवार, समाज, देश और फिर विश्व कल्याण तक ले जाना, उस दृष्टि से राष्ट्र निर्माण जैसे व्यापक लक्ष्य शताब्दी वर्ष में सामने रखा है।**

इस वर्ष विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। शताब्दी वर्ष में संघ की बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय आयोजन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण घटना मानी जाएगी। संघ के सम्पूर्ण नेतृत्व मंडल के अलावा विचार परिवार के सभी 32 संगठनों के शीर्ष 1482 प्रतिनिधियों के आयोजन से निकला स्वर संघ और उसके विचार परिवार की भूमिका का दिग्दर्शन होगा। संघ की हर बैठक के संदर्भ में आम सोच यही होती है कि इस समय के सर्वाधिक चर्चित मुद्दे पर संघ का क्या रुख सामने आता है। हालांकि संघ की बैठकों के निर्णयों और वक्तव्यों ने बार-बार साबित किया है कि उसका हर कार्य-व्यवहार लक्ष्य की दृष्टि से होता है और तात्कालिक घटनाएं उसी के आलोक में देखी जाती हैं। बैठक के आरंभ में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने पत्रकार वार्ता की, उद्घाटन दिवस पर सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर, दूसरे दिन सहसरकार्यवाह अरुण कुमार तथा अंत में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसाबोले ने पत्रकारों के माध्यम से बैठक की वांछित जानकारी दी। किसी ने भी अपनी ओर से महाकुंभ और बांग्लादेश को छोड़ अन्य पर वक्तव्य नहीं दिया क्योंकि ये बैठक के मुख्य एजेंडा नहीं थे। सारे वक्तव्य प्रश्नों के उत्तर में दिए गए। औरंगजेब और उसके कब्र को लेकर प्रश्न के उत्तर में ही पहले अंबेकर ने इसे अप्रासंगिक बताया तो होसाबोले ने कहा कि देश के इथोस, संस्कृति, सभ्यता, प्रकृति के अनुरूप काम करते हुए समृद्धि में योगदान देता है उसे आइकॉन माना जाएगा या जो बाहर से आकर आक्रमण कर शासन किया, हजारों लोगों पर अत्याचार किए, धर्म परिवर्तन किया उसे? यानी संदर्भ है कि देश किसे आदर्श माने।

एजेंडा के बारे में जानकारी देते हुए मुकुंद ने स्पष्ट किया कि संघ स्थापना के100 वें वर्ष की प्रतिनिधि सभा में संघ कार्य से सामाजिक प्रभाव और समाज में बदलाव लाने पर चर्चा,विचार-विमर्श होगा। सारे वक्तव्यों से स्पष्ट हुआ कि संघ शताब्दी के दौरान विशिष्ट गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगा जो विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित होगा। इसके संदर्भ में लक्ष्य से संबंधित सूत्रों का आधार दिया गया तो उसके अनुसार आगे की कार्य योजनाएं। तीन सूत्र दिए गए- 1. आत्मचिंतन करना, 2. संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा 3. सबके वक्तव्य का स्वर था कि राष्ट्र तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। दत्तात्रेय ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिन्दू समाज का पुनर्जागरण रहा है, लक्ष्य हिन्दू समाज को संगठित करना है। सहसरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि संघ संगठन नहीं, समाज परिवर्तन का बड़ा जनआंदोलन है। संघ शाखाओं और राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के माध्यम से इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम कर रहा है।

अब जरा कार्यक्रमों की कुछ बिंदुवार रूपरेखा देखिए। 1. शताब्दी वर्ष में विजयादशमी को संघ गणवेश में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड व नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2. नवंबर से जनवरी तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। 3. सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित कर प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का



योगदान और संघ द्वारा घोषित शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन अर्थात परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी का संदेश दिया जाएगा। 4. सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित कर सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश दिया जाएगा। 5. नागरिक संवाद आयोजित कर राष्ट्रीय दृष्टि से स्थापित नकारात्मक और विकृत नैरेटिव या विमर्श की जगह सही विमर्श स्थापित करने कोशिश होगी। इतने कार्यक्रमों के बाद शताब्दी वर्ष में लाखों लोग उनसे जुड़ते हैं तो किसी के लिए छाती पीटने का कारण नहीं होना चाहिए।

सरकार्यवाह द्वारा प्रतिनिधि सभा के आरंभ में प्रस्तुत प्रतिवेदन में वर्ष भर के कार्यों के विवरण के साथ वर्तमान संगठन की स्थिति के आंकड़े उपलब्ध हैं। किसी को भी वह संघ की वेबसाइट पर मिल जाएगा। इसके अनुसार इस समय देश में लगभग एक करोड़ स्वयंसेवक हैं। शताब्दी वर्ष में संघ विस्तार और सुदृढ़िकरण के लिए 2,453 स्वयंसेवक आगे आए और विस्तारक बने गये। वो सब अपनी क्षमता के अनुरूप या थोड़ा भी काम करेंगे तो इसका असर होगा। संघ में युवाओं की संख्या यूं ही नहीं बढ़ रही है। इस वर्ष आयोजित कुल 4,415 प्रारंभिक वर्गों में 2 लाख 22 हजार 962 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिनमें 1 लाख 63,000 14 से 25 आयु वर्ग और 20 हजार से अधिक 40 वर्ष से ऊपर के आयु के थे। अरुणाचल में 1999 में काम शुरू हुआ और 274 शाखाएं लग रहीं हैं। तमिलनाडु में जहां कार्य न के बराबर था वहां शाखाओं की संख्या चार हजार पार कर गई है। 1925 में संघ की स्थापना हुई और 1940 तक सभी प्रांतों में पहुंचे तो 1972 तक सभी जिलों में, 1996 तक सभी नगर और प्रखंडों तक पहुंच गए और अभी देश के सभी मंडलों (एक मंडल दस से बारह गांवों को मिलाकर बनाया गया है) तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिवेदन में आए आंकड़ों के अनुसार 51 हजार 570 स्थानों पर प्रतिदिन 83 हजार 129 शाखाएं चलती हैं। साप्ताहिक शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1 लाख 15 हजार 276 है। संघ को अभी भी शहरी मध्य वर्ग और कुछ व्यापारियों का संगठन मानने वालों को दत्तात्रेय द्वारा दी गई इस जानकारी पर ध्यान देना चाहिए कि विस्तार में ग्रामीण मंडलों पर केंद्रित करते हुए देश को 58 हजार 981 ग्रामीण मंडलों में विभाजित किया है, जिनमें से 30 हजार 717 मंडलों में दैनिक शाखाएँ और 9 हजार 200 मंडलों में साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। विस्तार का ही परिणाम है कि संघ आज समाज जीवन के हर क्षेत्र में प्रभावी रूप से सक्रिय है जिनमें शिक्षा, चिकित्सा, स्वावलंबन, सामाजिक जागरण, सामाजिक सद्भाव जैसे क्षेत्रों में करीब 90 हजार गतिविधियों का आंकड़ा दिया गया है। सामाजिक समरसता के लिए उन क्षेत्रों में विशेष काम किया जा रहा है जहांअत्यधिक छुआछूत है।

शताब्दी वर्ष के संकल्प का शीर्षक है, विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण। कुछ पंक्तियों को उद्घृत कर समझा जा सकता है। अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। संघ की आलोचनाओं से परे हटकर विचार करिए। हिंदुत्व का सर्वसमावेशी विचार और उसके अनुरूप भारत राष्ट्र सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए कार्यक्रम का संकल्प उपयुक्त दृष्टि या सही दिशा में कार्य करने से प्राप्त उपलब्धियां के आत्मविश्वास के बिना संभव नहीं। इसमें मनुष्य को अपने परिवार, समाज, देश और फिर विश्व कल्याण तक ले जाना, उस दृष्टि से राष्ट्र निर्माण जैसे व्यापक लक्ष्य शताब्दी वर्ष में सामने रखा है। इसके कार्यों को देखें तो उसमें सुसंगति दिखाई भी पड़ती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अप्रैल फूल
योगेश कुमार गोयल



# हंसो, हंसाओ मगर किसी का भी दिल न दुखाओ

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन 'फूल्स डे' यानी 'हंसी-ठिठोली दिवस' के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल जाता है और लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते नजर आते हैं। ऐसी असत्य और मनघडंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं और प्रायः बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में भी लोग एक साथ 'मूर्ख' बनते देखे गए हैं। 'हंसी ठिठोली दिवस' केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कई प्रसिद्ध ब्रांड, मीडिया हाउस और सरकारी संस्थाएं भी इस अवसर पर मजेदार अफवाहें या रोचक प्रचार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करती रही हैं। कई बार बड़े समाचार पत्र और ऑनलाइन पोर्टल्स इस दिन ऐसी खबरें प्रकाशित कर देते हैं, जिन पर लोग सहज रूप से विश्वास कर बैठते हैं लेकिन अंत में पता चलता है कि वे महज 'अप्रैल फूल' मजाक का एक हिस्सा थी। इतिहास में कई बड़े-बड़े किस्से इस दिन से जुड़े हुए हैं। 1957 में ब्रिटेन के बीबीसी चैनल ने एक खबर चलाई कि स्विट्जरलैंड के किसान स्पेगेटी के पेड़ों से ताजा स्पेगेटी तोड़ रहे हैं। इस खबर को देखकर हजारों लोगों ने चैनल से संपर्क कर पूछा कि वे ऐसे पेड़ कहां से खरीद सकते हैं। इसी तरह 1996 में प्रसिद्ध फास्ट फूड चेन 'बर्गर किंग' ने घोषणा की कि उन्होंने विशेष रूप से बाएं हाथ वालों के लिए 'लेफ्ट-हैंड व्हॉपर' बर्गर बनाया है। इस खबर पर हजारों लोगों ने विश्वास कर लिया और कुछ ने तो यह भी पूछ लिया कि क्या उनके लिए 'राइट-हैंड व्हॉपर' बर्गर उपलब्ध है। तकनीकी और डिजिटल युग में भी यह परंपरा और तेजी से विकसित हुई है।

कभी-कभार इस अवसर पर ऐसे दिलचस्प मामले भी सामने आते रहे हैं, जब लोग इस दिन सच्ची खबर पर भरोसा नहीं करके भी 'अप्रैल फूल' बन गए और बाद में बहुत पछताए। ऐसा ही एक वाकया 2015 में न्यूजीलैंड में सामने आया था, जब वहां के एक बड़े अखबार 'न्यूजीलैंड हेराल्ड' में दुनिया की विख्यात कार निर्माता कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 'अप्रैल फूल्स डे स्पेशल ऑफर' का विज्ञापन दिया। विज्ञापन में कम्पनी की ओर से दावा किया गया कि जो भी व्यक्ति इस विज्ञापन के साथ छपे कूपन को लेकर इस दिन सबसे पहले कम्पनी के शोरूम पहुंचेगा, उसे उसकी किसी भी पुरानी कार के बदले बिल्कुल नई बीएमडब्ल्यू कार दी जाएगी। लोगों ने इस विज्ञापन को कार निर्माता कम्पनी का अप्रैल फूल बनाने का हथकंडा समझा। टियाना मार्श नामक एक महिला अपनी किस्मत आजमाने की सोचकर अपनी 15 वर्ष पुरानी कार लेकर कम्पनी के शोरूम पहुंच गई। शोरूम में पहुंचने वाली वह एकमात्र व्यक्ति थी और वहां पहुंचकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उसे उसकी खटारा कार के बदले वाकई 50 हजार डॉलर वाली चमचमाती बीएमडब्ल्यू कार की चाबी कम्पनी द्वारा सौंप दी गई।

वैसे 1 अप्रैल को 'फूल्स डे' के रूप में मनाए जाने का कारण यही माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को 'हास्य दिवस' के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे 'फूल्स डे' का रूप ले लिया। 'अप्रैल फूल' बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई यह परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, पता ही नहीं चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती।

(लेखक परिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं**

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *- चंद्रशेखर साहू, भाटापारा*

## करंट अफेयर


# दक्षिण अफ्रीका के मंदिरों में हनुमान चालीसा वितरित

दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं। 'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में रविवार को वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी सिगबन ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि बहुत सारे भक्त मंदिरों में आए और खासकर क्वाजुलू-नताल (केजेडएन) जैसे पास के प्रांतों के भी लोग इस पहल का बड़े ही उत्साह के साथ समर्थन कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के हिंदुओं ने सबसे पहले 24 अगस्त 2024 को भक्ति के उत्सव के दौरान 'शेरेनो प्रिंटर्स' और 'इलेक्ट्रो ऑनलाइन मीडिया' के साथ साझेदारी में 10 लाख हनुमान चालीसा की प्रतियां वितरित करने की पहल की शुरुआत की। उनकी योजना 2029 तक हनुमान चालीसा की 10 लाख प्रतियां वितरित करने की है।



## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है: एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल। राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं।

## ट्रेंड

### ईद मुबारक



ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ईद भाईचारे का संदेश



ईद की हार्दिक बधाई, ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### कश्मीर को पहली वंदे भारत



पीएम नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जाएगी।

-जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री

### इतनी बैरिकैडिंग क्यों



भाजपा देश को संविधान के अनुरूप नहीं चला रही है। ईद के मौके पर इतनी बैरिकेडिंग क्यों की गयी? इसे तानाशाही कहना चाहिए या 'आपातकाल'? मैंने कभी ऐसी बैरिकेडिंग नहीं देखी, जो लोगों को उनके त्योहार मनाने से रोकने के लिए की गयी हो। -अखिलेश यादव, पूर्व सीएम

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## ईद पर मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की गई नमाज, अमन की दुआ मांगी

# मेरठ में नमाज के दौरान जमकर पत्थरबाजी, फायरिंग मुरादाबाद में हंगामा, संभल में रही भारी सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश में सोमवार को कड़ी सुरक्षा में ईद की नमाज हुई। वाराणसी जामा मस्जिद में एक साथ बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। सड़क पर पढ़ने की अनुमति न होने के चलते कुछ लोगों ने सीढ़ियों पर नमाज अदा की। मेरठ में ईद की नमाज के बाद कुछ मुस्लिम युवक एक पोस्टर लेकर सड़क पर आ गए। इस पर लिखा था- सड़कों पर सिर्फ मुस्लिम ही नमाज नहीं पढ़ते। शिवरात्रि सड़कों पर मनती है। कांवड़ यात्रा सड़क पर निकलती है। रामनवमी यात्रा सड़क पर निकलती है। दिवाली पर पटाखे सड़क पर फोड़े जाते हैं। गणेश चतुर्थी सड़कों पर मनाई जाती है। मुरादाबाद में नमाज छूटने पर कुछ युवकों ने हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि सुरक्षा के नाम पर उनको जगह-जगह चेक किया। ऐसे में वह समय से ईदगाह नहीं पहुंच पाए। इसके बाद ईदगाह में दोबारा नमाज पढ़वाई गई। संभल में 10 कंपनी फोर्स तैनात की गई। मस्जिदों के आसपास 1300 सीसीटीवी लगाए गए। जामा मस्जिद के आसपास का इलाका छावनी बना रहा। ड्रोन से निगरानी की गई। वहीं, मेरठ के सिवालखास कस्बे में मुस्लिम समुदाय के दो गुटों में बवाल हो गया।

**जामा मस्जिद का इलाका छावनी बना**

### संभल सांसद बोले- सड़क पर नमाज से आपत्ति क्यों

संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क भी शाही ईदगाह में नमाज पढ़ने पहुंचे। उन्होंने कहा- इस देश में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। एक तरफ सड़क बंद करके त्योहार मनाया जा सकता है। दूसरी तरफ 10 मिनट की नमाज से आपत्ति क्यों? एक ही समय में अलग-अलग नियम, यह सही नहीं है। सभी लोग एक समान है।

## संभल में मस्जिदों के आसपास 1300 सीसीटीवी लगाए गए




### मुझे ईदगाह जाने से रोका : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव लखनऊ ईदगाह पहुंचे। उन्होंने वहां नमाजियों को ईद की बधाई दी। इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा- पुलिस ने मुझे यहां आने से रोका। मुश्किल से यहां आ सका हूं। रास्ते में कभी इतनी बैरिकेडिंग नहीं की गई। उन्होंने कहा- आधे घंटे तक मेरी फ्लीट रोकी गई। मैंने वजह पूछी तो किसी अफसर के पास कोई जवाब नहीं था। इसे तानाशाही समझूं या इमरजेंसी। आज सबसे बड़ा खतरा देश के संविधान को है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और स्वामी सारंगी भी लखनऊ ईदगाह पहुंचे।

**इमरान मसूद के खिलाफ नारेबाजी**

सहारनपुर में नमाजियों ने फिलिस्तीन का झंडा लहराया। समर्थन में नारेबाजी की। कहा- फिलिस्तीन में मुस्लिम समाज के लोगों पर जुल्म हो रहा है। होली पर रंग खेलने और बयानबाजी को लेकर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के खिलाफ भी नारेबाजी की।

### बिहार के दरभंगा में दो समुदायों के बीच झड़प, छह लोग गिरफ्तार

**दरभंगा (भाषा)।** बिहार के दरभंगा जिले में दो समुदायों के सदस्यों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पथराव किया। उन्होंने बताया कि यह घटना कुशेश्वरस्थान पुलिस थाना क्षेत्र के केवटगामा पचियारी गांव में हुई। घटना उस समय हुई जब रविवार शाम को एक प्रार्थना सभा के बाद लोगों का एक समूह लौट रहा था। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण-दरभंगा) आलोक ने बताया कि स्थिति पर तत्काल काबू पा लिया और घटना में किसी के चोटिल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अब तक घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है और 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## ईद पर ममता ने एकजुटता का आह्वान किया

**भाजपा की राजनीति को विभाजनकारी बताया**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोगों से आग्रह किया कि वे ऐसे उकसावे में न आएं जिससे सांप्रदायिक दंगे भड़क सकते हैं। बनर्जी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के साथ खड़ी रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य में कोई भी तनाव पैदा न कर सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीति को 'विभाजनकारी' करार देते हुए इसकी निंदा की। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यहां 'रेड रोड' पर ईद की नमाज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "मैं श्री रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के अपनाए धर्म का अनुसरण करती हूं। मैं उनके (भाजपा के) बनाए 'गंदा धर्म' का पालन नहीं करती जो हिंदू धर्म के भी खिलाफ है।"

### कोई भी धर्म कटुता का संदेश नहीं देता

तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कोई धर्म किसी दूसरे इंसान के खिलाफ कटुता का उपदेश नहीं देता, लेकिन कुछ नेता और राजनीतिक दल अपने ही फायदों के लिए नफरत फैलाते हैं। उन्होंने कहा, "दंगे भड़काने के लिए उकसाने की कोशिश की जा रही है, कृपया इस प्रकार के जाल में न फंसें। पश्चिम बंगाल सरकार अल्पसंख्यकों के साथ खड़ी है। राज्य में कोई भी तनाव पैदा नहीं कर सकता।" बनर्जी ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा, "अगर उन्हें (भाजपा को) अल्पसंख्यकों से समस्या है तो क्या वे देश का संविधान बदल देंगे?

### रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर आज सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 'पॉडकास्टर' रणवीर इलाहाबादिया द्वारा दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। यह याचिका 'कॉमेडियन' समय रैना के यूट्यूब पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में माता-पिता एवं यौन संबंधों पर इलाहाबादिया की विवादित टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकी के संबंध में दायर की गई है। इस मामले पर सुनवाई संभवतः न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ करेगी।

### दलाई लामा को 'गोल्ड मर्करी अवार्ड'

**धर्मशाला।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को शांति और सतत विकास के लिए प्रतिष्ठित 'गोल्ड मर्करी अवार्ड' से सोमवार को सम्मानित किया गया। पुरस्कार 'गोल्ड मर्करी इंटरनेशनल' द्वारा प्रदान किया गया। संस्थान वैश्विक स्तर पर शांति, सुशासन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए गैर-सरकारी संगठन है।

**कार्यालय नगरपरिषद, झज्जर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सीमा के अन्दर कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने घरो की छतो पर तथा मैन सड़कों पर युनिपोल / होर्डिंग का ढांचा तैयार कर बिना नगर परिषद झज्जर की स्वीकृती के विज्ञापन किया जा रहा है तथा स्कूल संचालको द्वारा बिना नगर परिषद झज्जर की स्वीकृती के सरकारी सम्पतियों / स्ट्रीट पोलस आदि पर काफी मात्रा मे विज्ञापन किया जा रहा है जो कि Haryana Defacement of Property Act 1989 के तहत नियमानुसार अवैध है। अतः उक्त सभी को इस पब्लिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सीमा के अन्दर लगाई गई अवैध युनिपोल / होर्डिंग साईटो तथा सरकारी सम्पतियों / स्ट्रीट पोलस पर किये जा रहे अवैध विज्ञापनो को अपने स्तर पर तुरन्त प्रभाव से हटा ले अन्यथा Haryana Defacement of Property Act 1989 के तहत नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी तथा लगाई गई अवैध साईटो को बिना किसी अन्य सूचना के नगर परिषद द्वारा जब्त कर लिया जायेगा।

-हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगरपरिषद, झज्जर

संवाद-1078/11/657/2025/33463/C/88/6 दि. 31.03.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | अल्ट्रावायलेट फोटो डायरेक्टर मैजरमेंट सैटअप के विकास हेतु विभिन्न मदों की खरीद। | 28.03.2025 21.04.2025 | 2.51 लाख | www.mdu.ac.in | 92189613025 sajjandahiya.physics@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/33467/1/88/6 दि. 31.03.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | गैस सेनसिंग प्रणाली का विकास। | 28.03.2025 21.04.2025 | 8.40 लाख | www.mdu.ac.in | 9215701113 hod.physics@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/33468/1/88/6 दि. 31.03.25

**खबर संक्षेप**

### वित्त मंत्री आज 'राज्य आर्थिक मंच' करेंगी शुरू



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का शुभारंभ करेंगी। पोर्टल पर 2022-23 तक के राज्यों के आंकड़े उपलब्ध होंगे। यह पोर्टल 5 श्रेणियों- जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना,राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े डाटाबेस को आसानी से उपलब्ध कराएगा।

### पूर्वी दिल्ली के अस्पताल में आग, सभी सुरक्षित




**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की सूचना है। मरीजों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। फायर सर्विस के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल की 4 गाड़ियां भेजी गईं। आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### मणिपुर संघर्ष अवैध आव्रजन का परिणाम : बीरेन सिंह

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने दावा किया कि राज्य में जारी संघर्ष मादक पदार्थों, अवैध आव्रजन और वनों के विनाश सहित कई चुनौतियों का परिणाम है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सिंह ने मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा पर भी निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि क्या उन्हें राज्य में अवैध गांवों की संख्या में खतरनाक वृद्धि के बारे में पता है।

**दिल्ली में 'ड्राई डे' में संशोधन**

## अब राम नवमी, महावीर जयंती समेत 5 दिन नहीं बिकेगी शराब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार ने 5 ड्राई डे घोषित किए हैं। यह 2025-26 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए यानी अप्रैल से जून के बीच इन दिनों में शराब नहीं बिकेगी। दिल्ली में हर साल विभिन्न अवसरों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध (ड्राई डे) लागू होता है। इन दिनों की संख्या और तिथियां राज्य सरकार की नीति, राष्ट्रीय त्योहारों, धार्मिक अवसरों और चुनावों के अनुसार बदलती रहती हैं।

### नई तारीखें

सरकार ने राम नवमी के दिन भी ड्राई डे घोषिथ किया है। महावीर जयंती पर 10 अप्रैल को, गुड फ्राइडे पर 18 अप्रैल को भी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इतना ही नहीं, बुध पूर्णिमा पर 12 मई को और बकरीद पर 7 जून को भी ड्राई डे घोषित किया गया है।

**दिल्ली में वायु प्रदूषण रोकथाम**

## मुख्यमंत्री आज सदन में पेश करेंगी कैग की एक नई रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता मंगलवार को विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक नई रिपोर्ट पेश करेंगी। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के वाहन वायु प्रदूषण की रोकथाम और शमन के प्रयासों और उस पर हुए खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत करेगी। कैग की यह रिपोर्ट वर्ष 2022 की दूसरी रिपोर्ट है, जो 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष से संबंधित है।

### हिंदी-अंग्रेजी में होगी

रिपोर्ट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। पहले शराब नीति, परिवहन निगम के खर्च और स्वास्थ्य क्षेत्र पर हुए खर्च से जुड़ी रिपोर्ट शामिल थीं। इस बार वायु प्रदूषण नियंत्रण पर उठाए गए कदमों की समीक्षा होगी।

**कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी**

**वर्ष 2025-26 के लिए श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन अनुबंधों हेतु पुनः ई-निविदा सूचना**

उपायुक्त, भिवानी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित मण्डियों के लिए परिवहन कार्य और श्रम एवं दुलाई कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य | निविदा का आमंत्रण | निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना | वित्तीय बोलियों का खुलना और डीएलटीसी द्वारा निविदा को अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रम एवं दुलाई (खरक कलां, तोशाम और डिगावां मंडी) | 29.03.2025 पूर्वा. 10.00 बजे | 03.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे तक | 03.04.2025 पूर्वा. 11.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |
| परिवहन (खरक कलां मण्डी) | 29.03.2025 पूर्वा. 10.00 बजे | 03.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे तक | 03.04.2025 पूर्वा. 11.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात https://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी / जिला भिवानी की अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के जिला प्रबंधक से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2025-26 हेतु रबी और खरीफ के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्यान्न, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- (अनिल कालरा)
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी

पीआरडीएच-1042/11/107/2025/33449/88/6 दि. 31.03.25

## रिजिजू ने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को लिया आड़े हाथ

# जिन्होंने करोड़ों की जमीन पर किए कब्जे वही 'शक्तिशाली' लोग अब विरोध कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मौजूदा बजट सत्र में वक्फ बिल संसोधन पेश होना है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार 2 अप्रैल को इसे लोकसभा में पेश कर सकती है। इससे पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि इस बिल का विरोध वही लोग कर रहे हैं, जो वक्फ की करोड़ों की संपत्तियों पर कब्जा कर बैठे हुए हैं। रिजिजू ने कहा कि इसका इसका विरोध करने वाले लोग शक्तिशाली हैं और वे भोले-भाले लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विधेयक की आलोचना करना हर किसी का अधिकार है, लेकिन उस आलोचना का कुछ सार होना चाहिए। रिजिजू ने कहाकि वे कौन लोग हैं जो इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं? कुछ ताकतवर लोग हैं जिन्होंने वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण कर रखा है। वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि विधेयक असंवैधानिक है।

**2 अप्रैल को लोकसभा में पेश होने की संभावना**



### केरल के बिशप भी इसके पक्ष में

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल द्वारा भेजा गया अनुरोध पत्र सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न समुदायों के कई संगठन वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। विधेयक मूल रूप से गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है।

### धार्मिक आधार पर कई संगठन कर रहे इसका समर्थन

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक को समर्थन देने और राज्य के सांसदों से भी ऐसा करने का अनुरोध करने वाले पत्र के बारे में रिजिजू ने कहा कि धार्मिक आधार पर कई संगठन केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है। उन्होंने कहा कि यह वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों के प्रबंधन के मामले में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि वक्फ बिल में संशोधन की जरूरत है।

### मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे

**जम्मू (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जाएगी। जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू में कटरा से संचालित होगी क्योंकि जम्मू रेलवे स्टेशन में मरम्मत एवं नवीनीकरण का काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि रेल लिंक परियोजना पिछले महीने पूरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा को मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा तथा इस क्षेत्र के लिए आधुनिक एवं कुशल रेल सेवा उपलब्ध होगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को जम्मू में पत्रकारों से कहा, "प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को उधमपुर पहुंचेंगे। वह दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे।

**Government of Haryana/ हरियाणा सरकार**
**District, Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Controller, Kaithal**
**जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक, कैथल**

**श्रम एवं ढुलाई/परिवहन के कार्य हेतु निविदा सूचना।**

रबी व खरीफ सीजन वर्ष 2025-26 के दौरान कैथल जिले की 11 परिवहन कार्य तथा 07 श्रम एवं दुलाई कार्य की मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टॉक आर्टिकल्ज के श्रम एवं दुलाई व परिवहन के कार्य हेतु सभी खरीद एजेन्सियों के लिए श्रम एवं दुलाई/परिवहन ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाएँ टैण्डर पॉलिसी में बदलाव होने के कारण पुनः आमन्त्रित किये जाते है। उपरोक्त निविदाएँ निम्न प्रकार से नीचे वर्णित निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर आमन्त्रित हैं।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Tenhnical Bid & Checking Documents | Opening of Fincncial Bid, Negotiation & Finalizaton | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिवहन | 31.03.2025 09:00 AM | 03.04.2025 09:00 AM | 03.04.2025 09:10 AM | 03.04.2025 02:00 PM | मिनी सचिवालय कैथल |
| अरनौली, बलबेड़ा, बोपूर, भूना, चक्कू लदाना, ढाण्ड, कैलरम, कम्हेड़ी, रसीना, सोलू माजरा व टीक | | | | | | |
| 2. | श्रम एवं ढुलाई | 31.03.2025 09:00 AM | 03.04.2025 09:00 AM | 03.04.2025 09:10 AM | 03.04.2025 02:00 PM | मिनी सचिवालय कैथल |
| धनौरी, ढाण्ड, जाखौली, कैलरम, कलायत, पुण्डरी व राजौन्द | | | | | | |

1. विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक, कैथल/जिला प्रबन्धक, हैफड व एच०डबल्यू०सी० कैथल के कार्यालय से प्रातः 9:00 से सांय 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में तथा Website https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app से ली जा सकती है।
2. जिला निविदा समिति बिना किसी को कारण बताए किसी भी/ सभी निविदाओं को स्वीकार/रद्ध करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। निविदा समिति द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात किसी संचालन हेतु दर की आगे वृद्धि हेतू कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों में से कोई प्रति स्पष्ट नजर नहीं आती है, तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
4. सभी टैण्डरदात्ता अपने-अपने दस्तावेजों का जो पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, उनका एक क्रमांक वाईज इन्डैक्स तैयार करके व सभी दस्तावेजों पर पेज नम्बर लगांएगें तथा इन्डैक्स में यह भी दर्शाया जाए कि किस पेज नम्बर पर कौन से दस्तावेज लगाए गए है।

हस्ता/-जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, कैथल।
दूरभाष नं.-01746-224243

पीआरडीएच-1042/11/109/2025/33454/88/6 दि. 31.03.25

# भारत की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली का 'ह्रास' बंद होना चाहिए : सोनिया



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की शिक्षा नीति की सोमवार को आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इस सरकार का मुख्य एजेंडा सत्ता का केंद्रीकरण, शिक्षा का व्यावसायीकरण तथा पाठ्यपुस्तकों का सांप्रदायिकरण है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने एक लेख में कहा कि ये तीन 'सी' आज भारतीय शिक्षा को परेशान कर रहे हैं और भारत की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली का यह 'ह्रास' बंद होना ही चाहिए। गांधी ने एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेख "द '3सी' दैट हॉन्ट इंडियन एजुकेशन टुडे" (तीन 'सी' जो भारतीय शिक्षा के लिए आज चिंता का विषय हैं) में कहा कि हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरूआत ने एक ऐसी सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है जो भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है।

### 11 वर्ष में सरकार के कामकाज की पहचान अनियंत्रित केंद्रीकरण रही

उन्होंने कहा, "पिछले दशक में केंद्र सरकार ने स्पष्ट रूप से दिखाया कि उसे शिक्षा के क्षेत्र में केवल तीन मुख्य एजेंडे के सफल क्रियान्वयन की चिंता है - केंद्र सरकार के पास सत्ता का केंद्रीकरण, शिक्षा में निवेश को निजी क्षेत्र को सौंपना एवं इसका व्यावसायीकरण तथा पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम एवं संस्थानों का सांप्रदायिकरण करना।' गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्ष में इस सरकार के कामकाज की पहचान "अनियंत्रित केंद्रीकरण" रही है, लेकिन इसके सबसे हानिकारक परिणाम शिक्षा के क्षेत्र में हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सीएबीई), जिसमें केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के शिक्षा मंत्री शामिल हैं, की बैठक सितंबर 2019 से नहीं बुलाई गई है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जिला जीन्द में जुलाना के सीएचसी मुख्य भवन के साथ-साथ आवासों की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 147.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | जिला फतेहाबाद में गांव काजल हेड़ी में राजकीय पशु चिकित्सा हस्पताल का निर्माण + 2 कार्य। | 27.03.2025 03.04.2025 | 90.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | जोगी माजरा गांव जोगी माजरा, ब्लॉक लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना + 3 कार्य। | 28.03.2025 24.04.2025 | 91.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | 49.15 - गांव खुडा, ब्लॉम माछरौली में दादा वाला मोड़ के निकट ऑक्सीवेन की स्थापना। | 28.03.2025 04.04.2025 | 41.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव झोझू कलां, ब्लॉक झोझू कलां में झोझू कलां से खेड़ी बैटर तक रास्ते का निर्माण (डीएमएफ योजना) + 1 कार्य। | 26.03.2025 17.04.2025 | 351.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | वर्ष 2025-2026 हेतु लिंक ड्रेन मदाना के आरडी 0 से 17100 तक की आंतरिक सफाई + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 0704.2025 | 19.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 7 | वन विभाग जीन्द | जीन्द रेंज के जीन्द साउथ ब्लॉक में जीन्द हैडक्वार्टर नर्सरी में प्लांट्स के रखरखाव से सम्बन्धित। | 28.03.2025 03.04.2025 | 9.50 लाख | http://haryanaetenders.gov.in | 1681255458 dfojind2009@rediffmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | मोनोफिलामेंट ट्विन्स स्क्वेयर मैश कैप स्टोरेज नेट्स। | 29.03.2025 15.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ब्लैक पॉलिथिन कवर्स (एलडीपीई)। | 29.03.2025 15.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/180/33473/I/88/6 दि. 31.03.25

## अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान को लगाई फटकार

# कहा- भारत के साथ संबंध सुधारो, कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करो, इजराइल को दो मान्यता, हमारी सभी 5 शर्तें मानो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हाल ही में पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर, शहबाज शरीफ, मरियम नवाज, आईएसआई चीफ और विदेश सचिव अचानक सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे थे। अमेरिका और सऊदी अरब के अधिकारियों ने पाक नेतृत्व से मुलाकात कर उनके सामने पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखी हैं, जिनमें भारत, चीन, इजराइल, ईरान और आतंकवाद से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। अमेरिका की ओर से कहा गया है कि अगर पाकिस्तान इन मांगों को नहीं मानता है तो जनरल असीम मुनीर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

**पाक आतंकवाद विरोधी अभियानों में मदद करे**

**गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए**



### भारत का आधिपत्य स्वीकार करो

*अमेरिका और सऊदी अरब ने भारत को लेकर भी पाकिस्तान को फटकार लगाई है। पाकिस्तान से कहा गया है कि वह कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करे। भारत के साथ रिश्ते सामान्य करे। इतना ही नहीं अमेरिका ने पाकिस्तान पर दबाव बनाया है कि वो कश्मीर का मुद्दा भी सुलझाए और भारत का आधिपत्य स्वीकार करे।*

### गाजा में शांति सैनिक भेजे

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान भी इजराइल को मान्यता दे और अगर गाजा में शांतिरक्षक सेना तैनात होती है तो वहां पाकिस्तान भी अपनी सेना भेजे। सऊदी अरब अगर इजराइल के जुड़ी कोई डील करता है तो पाकिस्तानी सेना गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए। दरअसल, पाकिस्तान की सेना यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य अभियान में सऊदी अरब की सेना की मदद कर चुकी है।

### चीनी से ज्यादा करीबी न बढ़ाएं

पाकिस्तान की चीन के साथ बढ़ रही करीबी भी डोनाल्ड ट्रंप को खटक रही है। इसीलिए पाकिस्तान के नेतृत्व से अमेरिका ने कहा है कि वो चीन के साथ ज्यादा करीबी न बढ़ाए। दरअसल, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सीपेक के निर्माणकार्य में जुटे चीनी इंजीनियरों और मजदूरों पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमला कर दिया था। जिसके बाद चीन ने पाकिस्तानी राजदूत को फटकार लगाई थी। इतना ही नहीं अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए चीन ने पाकिस्तान में अपने सुरक्षा बलों की भी तैनात कर दी है।

### ईरान को लेकर भी दी नसीहत

*अमेरिका और सऊदी अरब ने ईरान को लेकर भी पाकिस्तान को नसीहत दी है। दरअसल, पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते कभी खट्टे तो कभी मीठे रहते हैं। अमेरिका ने पाक नेतृत्व से कहा है कि अगर कभी ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए अभियान शुरू किया जाता है तो इस्लामाबाद न्यूट्रल नहीं रहेगा। उसे सऊदी और अमेरिका के इस कदम का समर्थन करना होगा। अमेरिका ने अपनी पांचवीं मांग में कहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद विरोधी अभियानों में उसकी मदद करे।*

### मुनीर के खिलाफ लग सकता है बैन

अमेरिका ने पाकिस्तानी नेतृत्व को धमकी देते हुए कहा है कि अगर वह अमेरिका की इन पांच शर्तों को नहीं मानता है तो वह सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के खिलाफ बैन लगा देगा। इसको लेकर अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्ताव भी पेश किया जा चुका है। इस प्रस्ताव में पूर्व पीएम इमरान खान के कथित मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान की सरकार और सेना प्रमुख मुनीर के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

---

## खबर संक्षेप

### इमरान खान नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मानवाधिकार और लोकतंत्र के लिए उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। पिछले साल दिसंबर में स्थापित समूह 'पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस' के सदस्य ने 72 वर्षीय खान के नामांकन की घोषणा की। 'पार्टीएट सेंट्रम' ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, /"हमें पार्टीएट सेंट्रम की ओर से यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने नामांकन के अधिकार वाले किसी व्यक्ति के साथ गठबंधन करके पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान में मानवाधिकारों और लोकतंत्र के लिए उनके काम के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है।

### खदान दुर्घटना में पांच की मौत, चार घायल

**मैड्रिड।** उत्तरी स्पेन में सोमवार को एक खदान में हुई दुर्घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि घायलों में दो को हेलीकॉप्टर से और अन्य दो को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। खदान में काम कर रहे अन्य दो श्रमिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। प्राधिकरण ने कहा कि उसने डेगाना नगरपालिका में बचाव कार्यों में सहायता के लिए तीन हेलीकॉप्टर भेजे हैं।




---

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान से मचा हड़कंप

# आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर लगाएंगे टैरिफ, देखते हैं क्या होगा?

**एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह पूरी दुनिया पर टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने ये घोषणा एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे। अब तक अमेरिका ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही थी जो अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं पर आयात शुल्क लगाते हैं या फिर उन देशों पर जिनके साथ अमेरिका का व्यापार असंतुलित है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने ताजा बयान देकर सभी को चौंका दिया है क्योंकि उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने हमें इस तरह ठगा है जैसा इतिहास में किसी देश ने कभी नहीं ठगा है और हम उनके साथ उनसे कहीं ज्यादा अच्छा व्यवहार करने जा रहे हैं लेकिन फिर भी यह देश के लिए बहुत बड़ी रकम है।

### कोई कटऑफ नहीं



राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम सभी देशों के साथ शुरुआत करेंगे, इसलिए देखते हैं क्या होता है। यह केवल कुछ मुट्ठी भर देशों के बारे में नहीं है जो प्रभावित होंगे। उन्होंने केवल 10 या 15 देशों पर पारस्परिक टैरिफ की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि मैंने 10 या 15 देशों के बारे में कोई बात नहीं की है। हम सभी देशों के बारे में बात कर रहे हैं, कोई कटऑफ नहीं।

### रूस ने युद्ध रोकने से मना किया तो उस पर भी द्वितीयक टैरिफ

ट्रंप ने कहा कि जब पुतिन ने जेलेंस्की की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना शुरू किया तो मैं बहुत नाराज हुआ, क्योंकि यह सही दिशा में नहीं हो रहा था। ट्रंप ने कहा कि रूस यूक्रेन में नया नेतृत्व चाहता है। मगर नए नेतृत्व का मतलब यह है कि आप लंबे समय तक कोई समझौता नहीं कर पाएंगे। ट्रंप ने धमकी दी है कि समझौता नहीं होने पर रूस पर द्वितीयक टैरिफ लगाई जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर रूस और मैं यूक्रेन में रक्तपात रोकने के लिए कोई समझौता करने में असमर्थ हैं। अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती की वजह से हुआ है तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर द्वितीयक टैरिफ लगाऊंगा।

### जो हमारे साथ, उन पर कम शुल्क

डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी घोषणा की कि वे उन देशों के साथ अधिक अच्छे, अधिक उदार और दयालु होंगे जो अमेरिका पर शुल्क लगाते हैं। उन्होंने कोई आंकड़ा दिए बिना दावा किया कि शुल्क उन देशों की तुलना में कहीं अधिक उदार होंगे जो हमारे साथ थे, जिसका मतलब है कि वे उन देशों की तुलना में अधिक दयालु होंगे जो दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ थे।

### अधिक टैरिफ लगाने वालों को बताया डर्टी 15

*ऐसी अटकलें थीं कि ये पारस्परिक शुल्क उन एक दर्जन से ज्यादा देशों पर असर डालेंगे, जिनके बारे में ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे अमेरिका के साथ अनुचित व्यापार करते हैं। यानि कि अमेरिका के ऊपर भी ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने ऐसे देशों के ग्रुप की बात की थी, जिन्हें उन्होंने डर्टी 15 बताया था।*

## ईरान को दी धमकी, ऐसी बमबारी करूंगा जो पहले कभी नहीं देखी

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा ईरान को सीधे धमकी दी है कि अगर ईरान ने हमारे साथ नया परमाणु समझौता नहीं किया तो ऐसी बमबारी करूंगा कि ईरान ने इससे पहले कभी नहीं देखी होगी। ट्रंप ने धमकी दी कि डील मत करो। बमबारी होगी। यह बमबारी ऐसी होगी। जैसी उन्होंने (ईरान) पहले कभी नहीं देखी होगी। एक मौका है। अगर ईरान डील नहीं करता है तो ईरान पर द्वितीयक टैरिफ भी लगाऊंगा।

### ईरान बोला हम तैयार

ईरान ने भी अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर ली है। जानकारी के मुताबिक ईरान की सेना ने अपनी मिसाइलों को रेडी टू लॉन्च मोड पर तैनात कर दिया है। एक्स पोस्ट पर ईरान की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें सभी भूमिगत मिसाइल शहरों में लॉन्चरों पर लोड की गई हैं। वे लॉन्च को तैयार हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### ट्रंप के साथ बातचीत से ईरान का इनकार

इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने परमाणु कार्यक्रम पर ट्रंप के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है। हालांकि उन्होंने पर्दे के पीछे बातचीत की इच्छा जताई है। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि हमने ओमान के माध्यम से अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाबी पत्र भेजा है। हमने सीधी बातचीत के विकल्प को अस्वीकार कर दिया है। मगर पर्दे के पीछे बातचीत को तैयार हैं।

---

## म्यांमार में ऑपरेशन 'ब्रह्मा'

# एनडीआरएफ की टीम ने उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान किया शुरू



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम ने म्यांमार के मांडला स्थित उहला थीन मठ में ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत बचाव अभियान शुरू कर दिया है, जहां लगभग 170 भिक्षु अभी भी फंसे हुए हैं। भारतीय सेना की टीम सोमवार को अस्पताल का दौरा करेगी और मंगलवार को अपनी चिकित्सा सेवाएं स्थापित करेगी। मंत्रालय के अनुसार, एनडीआरएफ स्काई विला में भी टीम तैनात करने का प्रयास कर रहा है, जहां 11-11 मंजिलों वाले चार टावर ढह गए हैं। टावरों में कई विदेशी लोग हैं। इसके अलावा, राहत सामग्री राज्य महानायक समिति के महासचिव को भी दी जाएगी, जहां मठ के बाहर लगभग 2,000 भिक्षु बैठे हैं।

### नमाज के दौरान 700 मुसलमान मारे गए

**मांडले।** रमजान में जुमे की नमाज के दौरान म्यांमा में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण 700 से अधिक नमाजियों की मौत हो गई। म्यांमा के एक मुस्लिम संगठन 'स्प्रिंग रेवोल्यूशन म्यांमा मुस्लिम नेटवर्क' की संचालन समिति के सदस्य तुन की ने सोमवार को बताया कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण लगभग 60 मस्जिदें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गईं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि मस्जिदों में मारे गए लोगों की यह संख्या भूकंप में अब तक मारे गए 1,700 से अधिक लोगों की आधिकारिक संख्या में शामिल है या नहीं। एक वीडियो में भूकंप के दौरान कई मस्जिदें गिरती हुई दिखाई दे रही हैं और लोग इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं।

### भारतीय समुदाय के सदस्यों को भी दे रहीं राहत

भिक्षुओं को कोई चोट नहीं आई है, लेकिन उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है और न ही उनके पास कोई बुनियादी सुविधाएं हैं। बयान के अनुसार, मंडाले पैलेस, महा मुनि पैगोडा, एमआईआईटी तथा अन्य ऐसे स्थानों पर भी टीमें तैनात की जाएंगी, जहां भारी क्षति हुई है। ये टीमें भारतीय समुदाय के सदस्यों को रहने और भोजन के लिए सहायता प्रदान कर रही हैं। दरअसल, म्यांमार में 28 मार्च को दोपहर में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद बचाव कार्य जारी हैं। इस भूकंप में कम से कम 1,700 लोगों की मौत हो गई है और व्यापक पैमाने पर विनाश हुआ है।

---

## केंद्रीय मंत्री सिंह ने की बड़ी घोषणा

# कठुआ एनकाउंटर में हुए शहीदों के परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कठुआ मुठभेड़ में बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों के परिवार में एक-एक को सरकारी नौकरी देने और अपने सांसद निधि कोष से 70-70 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकारी स्कूलों का नाम बदलकर उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह के परिवारों से रविवार को लौंडी और कन्ना चक में मुलाकात कर यह घोषणा की।

### दोनों शहीदों का बनेगा स्मारक

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक सांसद के रूप में मैं दोनों शहीदों के लिए स्मारक बनाने की घोषणा करता हूं। उनके सम्मान में कुछ स्कूलों का नाम रखा जाएगा। हम इसका प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश अपने सुरक्षाबलों के प्रति कृतज्ञ है और उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कठुआ जिले के दो बेटे शहीद हुए, मैं उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने आया हूं। ये वे परिवार हैं जिन्होंने न केवल पीढ़ियों से मातृभूमि की रक्षा की है, बल्कि महान बलिदान भी दिए हैं।

## हवाई हमलों में 3 हूती विद्रोहियों की मौत

**दुबई।** यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी सना और उसके आसपास रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक किए गए हवाई हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सोमवार को यह दावा किया। विद्रोहियों ने संदेह जताया है कि ये हमले अमेरिका ने किए। हूती विद्रोहियों ने कहा कि राजधानी सना के आसपास और हज्जा प्रांत में हुए हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। सना पर 2014 से हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है। हमले में सना में घरों में बिखरे कांच के टुकड़े नजर आ रहे हैं। उसने लक्षित ठिकानों को नहीं दिखाया, जिससे यह संकेत मिलता है कि हमले जिन जगहों पर किए गए, उनका इस्तेमाल सैन्य या खुफिया उद्देश्यों के लिए किया जाता था।

## पाकिस्तानी मूल का कनाडाई गिरफ्तार

# पाक सेना की संस्थाओं को अमेरिकी प्रौद्योगिकी पहुंचाने का लगा आरोप

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान मूल के एक कनाडाई नागरिक को अमेरिकी निर्यात नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन कर लाखों डॉलर की अमेरिकी प्रौद्योगिकी को पाकिस्तान के सैन्य एवं हथियार कार्यक्रमों से जुड़ी संस्थाओं तक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान मोहम्मद जावेद अजीज (67) के रूप में की गई है। उसे 21 मार्च को वाशिंगटन के 'वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट' में कनाडा से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास करते समय गिरफ्तार किया गया। उसे मिनेसोटा जिले में स्थानांतरित किए जाने तक हिरासत में रखा गया है। उस पर अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन




आर्थिक शक्तियां अधिनियम और निर्यात नियंत्रण सुधार अधिनियम का उल्लंघन करने की साजिश रचने का आरोप है। अभियोग में आरोप लगाया गया है कि 2003 से लेकर लगभग मार्च 2019 तक अजीज ने कनाडा स्थित अपनी कंपनी 'डाइवर्सिफाइड टेक्नोलॉजी सर्विसेज' के माध्यम से एक अवैध खरीद नेटवर्क चलाया जिसका उद्देश्य उन पाकिस्तानी संस्थाओं के लिए अमेरिकी मूल के सामान हासिल करना था जो परमाणु, मिसाइल और मानव रहित यान (यूएवी) कार्यक्रमों से जुड़ी हैं।

## नेपाल के पीएम ओली ने पूर्व राजा पर लगाया आरोप

# कहा- ज्ञानेंद्र अशांति फैलाने का काम कर रहे, फिर से राजशाही लाना चाहते

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के पीएम केपी ओली ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में अशांति फैलाने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया लगाया है।

पीएम ओली ने सोमवार को कहा कि पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने और समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप राजतंत्र समर्थक प्रदर्शनों में हिंसा भड़क गई। प्रतिनिधि सभा में बोलते हुए पीएम ओली ने आरोप लगाया कि पूर्व राजा शाह ने उन व्यक्तियों के साथ मिलकर काम किया है जिन्होंने बैंक ऋण चुकाने से इनकार किया। शाह ने अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए सामाजिक अशांति फैलाने की कोशिश की, जिससे तिनकुने क्षेत्र में हिंसक घटनाएं हुईं।

### हिंसा में शामिल लोगों को नहीं बख्शेंगे



पीएम ओली ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसपैठ की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल निगम के डिपो में आग लगाने जैसी आतंकवादी गतिविधियां कीं। पीएम ने कहा कि इन हिंसक गतिविधियों को राजनीतिक गतिविधियां नहीं माना जा सकता है और हिंसा में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रहे

पीएम ओली ने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द ही इस घटना की विस्तृत जानकारी संसद को देगा और पूरे मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल की घटनाओं का विश्लेषण करना जरूरी है और धर्म, संस्कृति और परंपरा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर लोगों की भावनाएं भड़काकर हिंसा को उकसाने की कोशिश की गई। ओली ने दावा किया कि पूर्व राजा ने अराजक तत्वों को अपने घर बुलाया और एक तथाकथित कमांडर नियुक्त किया, जो देश में अशांति फैलाने के प्रयासों में शामिल था।

---

## राष्ट्रपति मैक्रों की राह का रोड़ा हटा

# फ्रांसीसी अदालत ने गबन मामले में मरीन ले पेन को पाया दोषी

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस की एक अदालत ने सोमवार को मरीन ले पेन को गबन के एक मामले में दोषी पाया, लेकिन तत्काल यह नहीं बताया कि उन्हें क्या सजा दी जाएगी और इसका इस दक्षिणपंथी नेता के राजनीतिक भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा। बता दें, मरीन ले पेन और उनकी नेशनल रैली के 24 अन्य अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने यूरोपीय संघ के संसदीय सहायकों के लिए निर्धारित धन का उपयोग 2004 से 2016 के बीच पार्टी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए किया, जो 27 देशों के ब्लॉक के नियमों का उल्लंघन था। मरीन ले पेन और उनके सह-प्रतिवादियों ने गलत काम करने से इनकार किया। दक्षिणपंथी नेता के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि अदालत उन्हें तत्काल प्रभाव से पद के लिए अयोग्य घोषित कर सकती है - भले ही वह अपील करें।



### राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने पर लग सकती है रोक

*मरीन ले पेन 2017 और 2022 के राष्ट्रपति चुनावों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो के बाद दूसरे स्थान पर रहीं और हाल के वर्षों में उनकी पार्टी का चुनावी समर्थन बढ़ा है। 2024 के अंत में हुए नौ हफ्ते के ट्रायल के दौरान, उन्होंने तर्क दिया कि अयोग्यता मुझे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होने से वंचित और उनके समर्थकों को मताधिकार से वंचित कर देगी। 11 करोड़ लोगों ने उस आंदोलन के लिए मतदान किया है जिसका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं।*

## तुर्की-पाक की धड़कनें बढ़ाने को तैयार इनीयोकॉस-25

# युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने ग्रीस पहुंची भारतीय सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की में आए भूकंप के बाद भारत ने मदद के लिए अपने दरवाजे खोले थे। उसके बाद भी तुर्की पाकिस्तान के खेमे में ही खड़ा दिखाई देता है। तुर्की और पाकिस्तान के बीच सामरिक रिश्तों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान को बड़ी तादाद में अपने हथियार बेचने में लगा है। वहीं भारत के साथ ग्रीस के सामरिक रिश्ते और मजबूत हो रहे है। इससे पाकिस्तान और तुर्की को घुटन महसूस हो सकती है। भारतीय वायुसेना को फिर से ग्रीस ने अपने मल्टीनेशनल इनीयोकॉस-25 अभ्यास के लिए न्योता दिया। इसने एक बार फिर से पाकिस्तान को असहज कर दिया। तुर्की तो नेटो में ही फूट डलवाने के काम में भी जुटा है।

**11 अप्रैल तक चलेगा इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास**

**15 देशों की वायुसेना अपना रणकौशल दिखलाएंगी**

### युद्धाभ्यास में सुखोई, आईएल-78 और सी-17 विमान शामिल




31 मार्च-11 अप्रैल तक चलने वाले इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास में दुनिया के 15 देशों की वायुसेना अपने रणकौशल को साझा करेंगे। भारत, अमेरिका, ग्रीस के अलावा फ्रांस, इजरायल, स्पेन, इटली, कतर, यूएई, पोलैंड, स्लोवेनिया, ऑस्ट्रिया सहित कुल 15 देशों की वायुसेनाएं हिस्सा ले रही हैं। भूमध्य सागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी का एहसास कराने के लिए भारतीय वायुसेना ने 2023 में इस अभ्यास में शिरकत की थी।

### रियल वारजोन बनाकर होगा अभ्यास

*इस अभ्यास के दौरान फाइटर फुल रेंज कॉपलेक्स मिशन को ग्रीस और मेडिटेरियन समुद्र में अंजाम देंगें। इसके अलावा दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम से निपटने और जमीनी टार्गेट को भी निशाना बनाने का अभ्यास करेंगे। इनीयोकॉस-25 में भारतीय वायुसेना की भागीदारी वैश्विक रक्षा सहयोग और समनवय को दर्शाती है। यह अभ्यास भारत की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25